वेदसर्वस्व

प्रथम भाग

श्रीमन्निखिलशास्त्रनिष्णातपण्डितस्वामि-
हरिप्रसादवैदिकमुनिविरचित ।

तथा

पं० अनन्तराम के प्रबन्ध से
सेठ रामगोपाल पण्डित अनन्तराम के
सद्धर्म्म-प्रचारक यन्त्रालय, देहली में छपवाकर प्रकाशित ।

प्रथमवार १००० | संवत् १९७३ विक्रमीय, सन् १९१६ ई. | मूल्य १।)

ओ३म्

भूमिका ।

शन्नो मित्रः शं वरुणः शन्नो भवत्वर्य्यमा ।
शन्नो इन्द्रो बृहस्पतिःशन्नो विष्णुरुरुक्रमः ॥ १ ॥

वेद का मनुष्यमात्र के साथ सम्बन्ध सामान्य होने पर भी हिन्दु-जाति के साथ विशेष सम्बन्ध है । इस के अनेक कारण हैं । **प्रथम** तो मनुष्यसृष्टि के आरम्भ में हिन्दुजाति का प्रादुर्भाव जिन ऋषियों से हुआ है, वेद का प्रादुर्भाव भी उन्ही ऋषियों से हुआ माना गया है । "**प्रवराध्याय**" तथा "**प्रवरमञ्जरी**" के देखने से विदित होता है कि मनुष्यसृष्टि के आरम्भ में हिन्दुजाति के प्रादुर्भावक विश्वामित्र, वसिष्ठ, अत्रि, गौतम भरद्वाज तथा अगस्त्य आदि अनेक ऋषी हुए हैं, जो वर्तमान में गोत्र नाम से प्रसिद्ध हैं । **गोत्र** वंश को कहते हैं । उनमें विश्वामित्र, वसिष्ठ, अत्रि आदि आठ ऋषी मुख्य, और अन्य सब अमुख्य हैं । वेद के प्रादुर्भाक भी यही सब ऋषी हैं । जिसने वेदों का अभ्यास किया है, और "**सर्वानुक्रमणी**" तथा **आर्षानुक्रमणी**" को पढ़ा है, उस से यह अज्ञात नही है कि वेद के प्रादुर्भावक ऋषियों में भी विश्वामित्र, वसिष्ठ, अत्रि, भरद्वाज, आदि प्रधान और अन्य सब अप्रधान ऋषी हैं । **दूसरा** प्रत्येक मनुष्यजाति का अभ्युदय तथा अधःपतन उसके साहित्य पर निर्भर है । जिस मनुष्यजाति का साहित्य उदार तथा निर्मल है, उसका अभ्युदय और जिस का इस से विपरीत है, उसका अधःपतन निश्चित है । हिन्दुजाति का साहित्य संस्कृत भाषा में है । उस का समग्र अंश यद्यपि इस समय उपलब्ध नही, तथापि जितना कुछ उपलब्ध है, वह

उक्त दोनों गुणों से कहां तक भूषित है, यह साहित्यसेवी विद्वानों से छिपा नही है। इस सर्वोत्तम संस्कृतसाहित्य कल्पवृक्ष का मूल एक वेद है। वेद से ही इस संस्कृतसाहित्य कल्पवृक्ष का उत्थान हुआ है। हिन्दुजाति ने भी इसी संस्कृतसाहित्य कल्पवृक्ष के मूल का आश्रयण कर लोकोत्तर अभ्युदय प्राप्त किया था, और अब भी उस के प्राप्त करने की पूरी आशा है। जिस साहित्य-कल्पवृक्ष के मूल का आश्रयण हिन्दुजाति के लिये अभ्युदयप्राप्ति का हेतु हुआ है, और आगे होने की पूरी आशा है, उसके साथ हिन्दुजाति का विशेष सम्बन्ध कुछ अनुपपन्न नही कहा जा सकता। **तीसरा** वेद हिन्दुजाति का प्राचीन धर्मपुस्तक है। धर्मपुस्तक प्रायः आस्तिक जनता में ईश्वरवचन माना जाता है, और अवश्य माना जाना चाहिये। धर्मपुस्तक में जो कुछ निरूपण किया गया है, वह बिना विलम्ब माननीय और पालनीय होता है। अत एव प्रत्येक बुद्धिमान् आस्तिक पुरुष सर्वतः सर्वदा सर्वत्र उस का पालन ही करता है, उल्लङ्घन भूल कर भी नही करता। ईश्वरवचन की भी यही दशा है। ऐसी अवस्था में आस्तिक जनता का धर्मपुस्तक को ईश्वरवचन मानना, किसी प्रकार भी अयुक्त नही कहा जा सकता। और जो धर्मपुस्तक वास्तव में ईश्वरवचन है, उस के वैसा मानने में तो अयुक्तता की चर्चा ही व्यर्थ है। व्यवहार में माता पिता आदि के समान राजवचन माननीय होता है, धर्मपुस्तक का वचन व्यवहार और परमार्थ, दोनों में माननीय है। एक में माननीय की अपेक्षा दो में माननीय विशेष माननीय कहा जाता है। जो विशेष माननीय है, उसके साथ विशेष सम्बन्ध का होना भी आवश्यक है। जिस वेद के साथ हिन्दुजाति का विशेष सम्बन्ध है। आज हिन्दुजाति उससे सर्वथा अनभिज्ञ है। वह 'वेद में क्या लिखा है, यह तो दूर रहा, वेद कितनी

बड़ी पुस्तक है, यह भी नहीं जानती । हिन्दुजाति की इस अनभिज्ञता को देख कर ही पण्डित **शिवशङ्कर** काव्यतीर्थ जी ने **वैदिकेतिहासार्थनिर्णय** की भूमिका में लिखा है—"आज कल के समय में बहुत से नर नारियां वेद नाम ही सुन कर अनुमान करते हैं कि वेदों में कोटियों, अर्बों, खर्बों श्लोक होंगे, इस युग में अल्पायु होने के कारण चारों वेदों का सम्पूर्ण जीवन लगा कर भी एक वार पाठ कोई नहीं कर सकता । ऐसा बोध केवल उन अपठित स्त्रियों और पुरुषों को ही नहीं, किन्तु बड़े बड़े वैयाकरण, नैयायिक, मीमांसक और पुराणपाठी आदि विद्वान् भी ऐसा ही समझते हैं । क्योंकि दुर्योगवश आज तक सहस्रों ग्रामीण अथवा बहुधा नागरिक विद्वानों को भी चारों वेदों का दर्शन तक भी नहीं हुआ है" । हिन्दुजाति बड़ी सभ्य और विद्याभ्यासी है, उस के लिये अपने विशेषसम्बन्धी वेद के विषय में इतनी उदासीनता उचित प्रतीत नहीं होती । यदि इस उदासीनता का कारण यह कहा जाये कि वेद के पठन पाठन से वर्तमान साम्प्रदायिक धर्मग्रन्थों के पठन पाठन में अरुचि उत्पन्न हो जाती है, इस लिये हिन्दुजाति उस के पठन पाठन में उदासीन है, तो ठीक नहीं कहा जा सकता । क्योंकि वेद शिक्षा की पुस्तक है, खण्डन मण्डन की नहीं । खण्डन मण्डन की पुस्तकों के पठन पाठन से साम्प्रदायिक ग्रन्थों के पठन पाठन में अवश्य अरुचि उत्पन्न हो जाती है, परन्तु जो शिक्षा की पुस्तक है, उसके पठन पाठन से नहीं । वेद शिक्षा की पुस्तक है । उस के पठन पाठन से हिन्दुजाति को वह शिक्षा प्राप्त हो सकती है, जो मनुष्यजाति को प्राप्त होनी चाहिये । प्रत्येक मनुष्यजाति लौकिक तथा पारलौकिक सुख सम्पत्ति को तभी प्राप्त कर सकती है, जब उस को प्राकृत नियमों के अनुसार शिक्षा प्राप्त हो । वेद प्राकृत नियमों के अनुसार शिक्षा का प्रदान करता है, उस के

प्रत्येक मन्त्रशिखर से मनुष्यधर्मोचित शिक्षाजल का स्वच्छ स्रोत बहता है, जो मनुष्य मात्र को रात्रिन्दिवा यथाभिलाष निःशंक पातव्य है।

वर्तमान समय में हिन्दुजाति संकीर्णहृदयता, ईर्ष्यालुता तथा कातरता आदि अनेक दोषों का आगार बन रही है, उस का कारण यही है कि वह अपने साम्प्रदायिक धर्मग्रन्थों के साथ वेद का पठन पाठन नही करती। हिन्दुजाति के लिये यह विशेषतः स्मरण रखने की बात है कि जो संकीर्णहृदयता, ईर्ष्यालुता तथा कातरता आदि अनेक दोष उस में आ गये हैं, वे वेद के ही पठन पाठन से निवृत हो सकते और उस के स्थान में उदारहृदयता, मित्रता तथा वीरता आदि अनेक सद्गुण आ सकते हैं। इन सब सद्गुणों का मूल कारण देश-हित, जातिहित तथा आत्महित है। जब तक मनुष्य में देशहित, जातिहित तथा आत्महित उत्पन्न नही होता, वह कदापि उक्त सद्गुणों से विभूषित नही हो सकता, और नाही उस को लौकिक तथा पारलौकिक सुखसम्पत्ति प्राप्त हो सकती है। वेद की शिक्षा में यही एक असा-धारण गुण है कि वह प्रथम मनुष्य के हृदयक्षेत्र में देशहित, जातिहित, तथा आत्महित का वीज यथोचित रीति से बो देती है, पश्चात् स्वय-मेव उदारहृदयता, मित्रता तथा वीरता आदि कल्पतरु उत्पन्न होने लग जाते हैं, जिस से वह अनायास ही लौकिक तथा पारलौलिक सुख-सम्पत्ति को प्राप्त कर संसार की सब मनुष्यजातियों से आगे बढ़ जाती है। यह हिन्दुजाति के अल्प दुर्भाग्य की बात नही है कि उस के पास ऐसा अमूल्य शिक्षाप्रद वेद पुस्तक होने पर भी वह उसकी शिक्षा से आज कल सर्वथा वञ्चित है। प्रत्येक मनुष्यजाति अपने पूर्वजों की सम्पत्ति को सुरक्षित रखने और उस से यथोचित लाभ उठाने में अपना अहोभाग्य समझती है, और अहर्निश ऐसा प्रयत्न करती है कि

जिससे उस का अपने पूर्वजों के साथ अटूट सम्बन्ध बना रहे। परन्तु हिन्दुजाति में इन सब बातों का अभाव है। उस को निश्चित जानना चाहिये कि वेद उस के पूर्वजों की अमूल्य सम्पत्ति है, उस की सुरक्षा के लिये उससे मनुष्योचित शिक्षा का लाभ उठाना और यावज्जीव मनुष्यमात्र में प्रचार करना उस का परम कर्तव्य है। यदि वह अपने इस कर्तव्य का पालन नहीं करती, तो उस के पूर्वजों की यह अमूल्य सम्पत्ति कदापि सुरक्षित नही रह सकती, और उस के सुरक्षित न रहने से उसका अपने पूर्वजों के साथ अटूट सम्बन्ध भी नहीं रह सकता। ध्यानपूर्वक देखा जाये, तो अन्य मनुष्यजातियों के समक्ष हिन्दुजाति के लिये यह कुछ अल्प लज्जा की बात नहीं है। अतएव यहां हिन्दुजाति से साग्रह अनुरोध करना पड़ता है कि वह अपने साम्प्रदायिक झगड़ों को छोड़ कर वेद के पठन पाठन में यथाशक्ति चित्त को लगाये, और उस में जो शिक्षारत्न उस के पूर्वजों ने उस के लिये गुन्थन किये हुए हैं, उन को प्राप्त कर संसार की मनुष्यजातियों में सत्करणीय तथा अनुकरणीय बने। क्योंकि उस की वर्तमान अवस्था बड़ी शोचनीय तथा घृणोत्पादक है।

यह लोक- शास्त्र- प्रसिद्ध है कि श्रेष्ठ कुल के मनुष्य, विशेषसम्बन्ध तो दूर रहा, सामान्य सम्बन्ध का भी यथाशक्ति यावज्जीव निर्वाह किया करते हैं। हिन्दुजाति का वेद के साथ सामान्य सम्बन्ध नहीं, किन्तु विशेष सम्बन्ध है। यदि हिन्दुजाति अपने को जीवित मानती हुई अपने विशेष सम्बन्ध का निर्वाह न करे, तो उस के लिये नितान्त आक्षेप की बात है। क्योंकि वह अन्य मनुष्यजातियों की अपेक्षा कुल में सब से श्रेष्ठ है। वेद के विशेषसम्बन्ध का यावज्जीव निर्वाह उस का यथाविधि पठन पाठन है। यदि हिन्दुजाति वेद

का यथाविधि पठन पाठन करे, तो उस के लिये इस से बढ़ कर और कोई श्रेयस्कर कार्य्य नही कहा जा सकता।

प्रायः लोग कहते हैं कि अन्य पुस्तकों की अपेक्षा ईश्वरीय-पुस्तक का मूल्य कुछ अधिक होता है, परन्तु अपने पूर्वजों की बनाई पुस्तक का मूल्य भी किसी ईश्वरीय–पुस्तक से अल्प नही होता, यह प्रायः समस्त विज्ञमण्डली का मत है। हिन्दुजाति को उचित है कि वह वेद का ईश्वरीयपुस्तक मान कर अथवा अपने पूर्वजों की बनाई पुस्तक मान कर किंवा अपने संस्कृतसाहित्य का मूर्धन्य पुस्तक यद्वा अपना प्राचीन धर्मपुस्तक मान कर यथाविधि निरन्तर पठन पाठन और लोक में खुला प्रचार करे।

जो यह बुद्धिमान् जनसमुदाय का कथन है कि वेद की भाषा कठिन होने से उस का अब हिन्दुजाति में पूर्ववत् पठन पाठन नही हो सकता, वह अंशतः ठीक होने पर भी सर्वशः ठीक नही है। क्योंकि अनभ्यास के कारण ही वेद की भाषा कठिन प्रतीत होती है, वस्तुतः कठिन नही। यह सर्वानुभवसिद्ध है कि आरम्भ में मनुष्यजाति के लिये प्रत्येक भाषा कठिन हुआ करती है, परन्तु जब अभ्यास हो जाता है, तब सब कठिनता दूर भाग जाती है। वेद की भाषा के विषय में तो यह कथन कुछ कुतूहलजनक न होगा कि वह पञ्जाबी भाषा से यत्किञ्चित् भी कठिन नही है। पञ्जाबी भाषा में जो विदेशी भाषा के शब्द मिल गये हैं, उनको निकाल दिया जाये, तो शेष पञ्जाबी भाषा और वेद की भाषा में कुछ भी अन्तर नही। यदि कुछ अन्तर कहा जा सकता है, तो केवल इतना कि पञ्जाबी भाषा में वैदिक शब्द थोड़ा अपभ्रंश होकर बोले जाते हैं, और वेद में नही। पञ्जाबी भाषा के पठन पाठन में कितनी कठिनता है, यह प्रत्येक भाषाज्ञ जानता है, उसके विषय में अधिक लिखने की कोई आवश्यकता नही।

वेद के पठनपाठन में हिंदुजाति की उदासनीता का जो यह हेतु कथन किया जाता है कि शाखा-भेद के कारण वेद पुस्तक कुछ अनिर्धारित सी होगई है, यदि हिन्दुजाति पठन पाठन करे, तो किस शाखा संहिता का ? इसका उत्तर अवश्य कठिन है। जिस प्रकार आजकल हिन्दुजाति में सम्प्रदायभेद बलवान है, वैसे इससे पूर्व शाखाभेद बलवान था, जो परम्परागत वैदिकपद्धति का उच्छेदक और याज्ञिकसम्प्रदाय तथा वर्तमान सम्प्रदायभेद का उज्जीवक हुआ। परन्तु अब वह बलहीन होगया है, सम्प्रदायभेद ने उसका मर्दन पूर्णरूप से कर दिया है। तथापि उसके कारण वेद के अनेक भेद अब भी पाये जाते हैं। ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद और अथर्ववेद, यह चार वेद हैं। इनमें प्रत्येक वेद के दो दो तीन तीन पुस्तक देखने में आते हैं, जो शाखा भेद के नाम से विख्यात हैं। इन को देखकर साधारण पुरुष तो क्या, विद्वान् भी व्यामोह को प्राप्त हो जाता है, और कौन पठितव्य, कौन अपठितव्य, यह निर्धारण नही कर सकता, हिन्दुजाति के लिये यह बात बड़ी हानिकारक है। विद्वानों को इस ओर ध्यान देना चाहिये।

ईरूपीय विद्वानों ने वेदविषय में बहुत कुछ परिश्रम किया है, और अनेक पुस्तकें भी लिखी हैं, परन्तु उनका परिश्रम और उनकी लिखी पुस्तकें प्रशंसायोग्य होने पर भी हिन्दुजाति के लिये लाभकारी नही। क्योंकि जिस दृष्टि से उन्होंने परिश्रम किया और पुस्तकें लिखी हैं, उस दृष्टि और हिन्दुजाति की दृष्टि में बहुत बडा भेद है। ईरूपीय विद्वानों की दृष्टि में वेद एक प्राचीन पुस्तक है, हिन्दुजाति की दृष्टि में वेद उस का प्राणप्रिय सर्वस्व है। सत्य तो यह है कि हिन्दुजाति के पूज्य पूर्वपुरुषों के विषय में ईरूपीय विद्वानों और हिन्दुजाति का जितना बड़ा दृष्टिभेद है, वेद के विषय में भी उतना ही

बड़ा दृष्टिभेद है, न्यून नही। ऐसी दृष्टिभेद की स्थिति में लिखी गई पुस्तकें हिन्दुजाति को कदापि लाभ नही पहुचा सकतीं ॥

मेरा बहुत दिनों से विचार था कि वेदसम्वन्धी एक पुस्तक लिखी जाये, जिसमें वेदसम्बन्धी सब विषयों का सप्रमाण निरूपण और उसका यथोचित निर्धारण हो। परन्तु सहायक-सामग्री के न मिल सकने से मैं अपने इस विचार को शीघ्र कार्य्यरूप में परिणत न कर सका। गत वर्ष परमपिता परमात्मा के विशेष अनुग्रह से मुझे वह सब सहायक सामग्री मिल गई, और उसके मिल जाने से मैंने **वेदसर्वस्व** नाम की पुस्तक लिखनी आरम्भ की। यह पुस्तक तीन भागों में समाप्त होगी। प्रथम और द्वितीय भाग में मन्त्र (संहिता) सम्वन्धी, और तीसरे भाग में ब्राह्मणसम्बन्धी सब विषयों का प्रमाणसहिता सविस्तर निरूपण होगा। सम्प्रति केवल प्रथम भाग लिखा गया है, और वह आप सबके अवलोकनार्थ छपवा दिया गया है,और साथ ही तीनों भागों की संक्षिप्त विषयसूची भी छपवा दी गई है। आशा है आप इसको देखकर किसी उत्तम परिणाम पर पहुचेंगे,और इस बिखरी हुई हिन्दुजाति में वेद प्रचार के द्वारा इकत्तीभाव का सूत्रपात करेंगे।

सम्भव है मेरे इस लेख में कोई त्रुटि रह गई हो, अथवा सर्वज्ञ न होने के कारण कोई लेखनीय विषय छूट गया हो, यदि सहृदयगण द्वितीय भाग के छपने से पूर्व मुझे सूचना दे देंगे, तो त्रुटि के पूर्ण करने और लेखनीय विषय के लिखने का अवश्य यत्न किया जायगा ॥

ओ३म्

वेदसर्वस्व के प्रथम भाग की

विषय सूची

ऋक्संहिता

शाखा ।

यजुःसंहिता

सामसंहिता।

शाखा।

ओ३म्

वेदसर्वस्व के द्वितीयभाग की

विषय सूची

वेदसर्वस्व के तृतीयभाग की

विषय सूची

॥ ओ३म् ॥

वेदसर्वस्व

प्रथम भाग

वेद नाम है ज्ञान का, जो ईश्वर ने आप।
ऋषिगण के मन में दिया, मिटे जगत् सन्ताप ॥ १ ॥

अष्टाध्यायी के कर्ता **पाणिनि** मुनि वेद शब्द को रूढ़ तथा योगरूढ़ भेद से दो प्रकार का मानते हैं। रूढ आद्युदात्त और योगरूढ़ अन्तोदात्त है, यह उनके गणपाठ के देखने से प्रतीत होता है। "**उञ्छादि**" (अष्टा० ६ । १ । १६०) और "**वृषादि**" (अष्टा० ६ । १ । २०१) गण में वेद शब्द का पाठ किया गया है। उञ्छादि गण में पाठ का प्रयोजन अन्तोदात्तत्व की सिद्धि और वृषादि गण में पाठ का प्रयोजन आद्युदात्तत्व की सिद्धि है। यदि पाणिनि मुनि वेद शब्द को रूढ़ न मानते होते, तो एक उञ्छादि गण में ही उस का पाठ करना पर्याप्त था, वृषादि गण में पाठ करने की कोई आवश्यकता न थी। क्योंकि उञ्छादि गण में 'करण' प्रत्ययान्त वेद शब्द को अन्तोदात्त कहने से अन्य प्रत्ययान्त यावत् वेद शब्द अर्थ से आद्युदात्त सिद्ध हो जाता है। शेष कोई रहता नही, जिस के लिये वृषादि गण में पाठ करने की आवश्यकता समझी जाये। रह जाता है तो केवल एक रूढ़ वेद शब्द,

जो वृषादि गण में पाठ किये विना किसी प्रकार भी आद्युदात्त सिद्ध नही हो सकता। इसलिये यह मानना पड़ता है कि उक्त मुनि के मत में वेद शब्द रूढ़ तथा योगरूढ़ भेद से दो प्रकार का है। धातु हो वा नाम, जिस से प्रत्यय होता है, वैयाकरणों के मत में उस की संज्ञा **प्रकृति** है। जो शब्द प्रकृति तथा प्रत्यय, दोनों की अपेक्षा न करता हुआ केवल समुदाय शक्ति से अपने वाच्य अर्थ को कहता है, उस को **रूढ़** और जो प्रकृति तथा प्रत्यय, दोनों के अर्थ की अपेक्षा करता हुआ समुदाय शक्ति से अपने वाच्य अर्थ को कहता है, उस को **योगरूढ़** कहते हैं। यद्यपि उक्त मुनि के मत में इस प्रकार वेद शब्द का भेद है, तथापि अर्थ का भेद नही। क्योंकि रूढ़ वेद शब्द का वाच्य जो ग्रन्थ विशेष है, योग-रूढ़ वेद शब्द का वाच्य भी वही ग्रन्थ विशेष है। भेद केवल इतना है कि रूढ़ वेद शब्द समुदाय शक्ति से उस को कहता है, और योगरूढ़ वेद शब्द समुदाय शक्ति तथा प्रकृति प्रत्ययरूप अवयवशक्ति दोनों से उस का कथन करता है। उक्त दोनों वेद शब्दों में रूढ़ वेद शब्द की सिद्धि अपेक्षित नही, वह स्वयं सिद्ध है। शेष योगरूढ वेदशब्द "**विद्**" धातु से, जिस का अर्थ ज्ञान है, करण अर्थ में '**घञ्=अ**" प्रत्यय होने से सिद्ध होता है। अष्टाध्यायी में उक्त धातु से उक्त प्रत्यय का विधायक "**हलश्च**" (अष्टा० ३। ३। १२१) सूत्र है। हलन्त धातु से करण तथा अधिकरण अर्थ में "घञ्" प्रत्यय हो, परन्तु प्रत्यय होने से सिद्ध हुआ शब्द पुल्लिङ्ग और किसी की संज्ञा हो, यह उक्त सूत्र का अर्थ है। जो शब्द जिस अर्थ में प्रत्यय होने से सिद्ध होता है उस को "तद्व्युत्पन्न" कहते हैं, जैसे भाव अर्थ में प्रत्यय होने से सिद्ध हुए शब्द को भावव्युत्पन्न, कर्म अर्थ में प्रत्यय होने से सिद्ध हुए शब्द को कर्मव्युत्पन्न और कर्ता अर्थ में प्रत्यय

श्री रस्तु

श्री कृष्णाय परमात्मने नमः ।

श्री भृगु स्मृतिः ।

प्रथमोऽध्यायः ।

महर्षि भृगुमेकान्ते हिमवद्गिरिमूर्धनि [1]तपस्यन्तं महात्मानो [2]मोक्षधर्मंबुभुत्सवः ॥ १ ॥
बदरिकाद्याश्रमान् द्रष्टुं गच्छन्तो मार्गमध्यगम् । ददृशुस्ते तपोमूर्ति यात्राफलमिवागतम् ॥२॥
शिरोभिस्तं प्रणम्यादावुपविष्टास्तदाज्ञया । हेतुंचागमने पृष्टाः [3]प्रवक्तुमुपचक्रमुः ॥ ३ ॥

हिमालय शिखर पर तपस्या करने वाले भृगु महर्षि को मोक्ष और धर्म के जिज्ञासु कुछ मुनि लोग बदरिकाश्रम जाते हुए मार्गमध्य में देखे और प्रणाम करके महर्षि भृगु के द्वारा पूछे जाने पर यहाँ आने का कारण बताने लगे ।

मुनय ऊचुः

भगवन्नृषिवरान् द्रष्टुमटन्तो गिरिकन्दरान् । तीर्थयात्रामिषेणाद्य देवसन्निधिमागताः ॥४॥
ब्रूहि नः श्रद्दधानेभ्यो लोकानुग्रहकाङ्क्षया । जगदुत्पत्तिसंहारौ भूतानामुद्भवं क्रमाद् ॥५॥
वर्णाश्रमस्वरूपं च तद्धर्मान् श्रुति सम्मतान् । कृतादियुगभेदेन कृपया वद विस्तरात् ॥६॥

हे भगवन् ! तपोनिष्ठ महर्षियों के दर्शनार्थ हम लोग तीर्थयात्रा के बहाने से निकले और पर्वत गुफाओं में उनको खोजते हुए आपके सन्निधि में आये जिससे हमारी यात्रा भी सफल हुई । लोकानुग्रही आप हमें जगत् और चराचर के उत्पत्ति और प्रलय और वर्णाश्रम स्वरूप और उनके धर्मों को देशकालानुसार बताने की कृपा कीजिए ।

देवान् देवैः प्रणम्यादौ गुरून् सर्वानपि क्रमात् । आवश्यकस्थले स्पष्टां व्याख्यां कुर्मो भृगुस्मृतेः । [1]तपस्यन्तमिति तपश्शब्दात् 'कर्मणो रोमन्थतपोभ्यां [illegible] (पा० सू० ३।१।१५ , इति सूत्रेण क्यङि, तदन्तस्य धातुत्वेन "तपसः पर[illegible] वार्तिकेन तिपि" लटः शतृशानजावित्यादिना शतरि च कृते निष्पन्नं रूपम् । तपः कुर्व[illegible]मित्यर्थः । [2]मोक्षं धर्मं च बोद्धुमिच्छवः [3]उपचक्रमुरिति "यद्यपि प्रोपाभ्यां समर्थाभ्या" मिति पाणिनि सूत्रेणात्रात्मने पदमावश्य[illegible] तथाऽप्यार्षत्वादयमपि प्रयोगः साधुरेव ।

भृगुरुवाच

मुनयः शृणुतास्माभिर्वक्ष्यमाणमिदं क्रमात् । यदस्माकं गुरुः साक्षाद्भगवान् शास्त्रमब्रवीत् ७
पिताऽस्माकं मनुः पुत्रानुक्तवानिदमुत्तमम् । यद्भवद्भिर्वयं पृष्टा गृहार्थिभिरिहागतैः । ८
परस्माद्ब्रह्मणोऽनन्तान्निर्गुणादपि लीलाया । ब्रह्मविष्णुमहेशानाः स्वकीयैरपि धामभिः ९
प्रादुरासन् महात्मानो रजस्सत्वतमोगुणान् । प्राधान्येन वशीकृत्य सृष्टिस्थित्यन्तहेतवे १०
प्राणिनां स्रक्ष्यमाणानां भाविभोगैकहेतुना । सृष्ट्यादावात्मनो व्योम ततो वायुस्ततोऽनलः ॥
अनलाधिष्ठितादात्मसकाशाज्जलमुद्गतम् । जलात्तथाविधाद्भूमिः भूम्यामोषधिजातयः १२
तेभ्यो नानाविधं धान्यं क्रिमिकीटादयस्तथा । प्रजायन्ते विलीयन्ते प्रत्यहंक्षुद्रजीविनः १३

हे मुनियों ! हमारे पिता जी मनु ने हमें जो धर्म शास्त्र बताया था उसीको मैं आपको बता रहा हूँ, आप श्रद्धा से सुनिये। परमात्मा की लीला से ब्रह्मा, विष्णु और रुद्र, अपने-२ निवास स्थानों के सहित प्रकट हुए और जगत की सृष्टि स्थित्ति और विनाश के हेतु भूत रज सत्व और तमो गुणों को यथाक्रम धारण किये। पैदा होने वाले प्राणि कोटि के भावि भोगानुसार उसी परमात्मा से आकाश वायु तेज जल और पृथ्वी क्रम से उत्पन्न हुई हैं और पृथ्वी से नाना प्रकार की औषधियाँ और उनसे अन्न और अन्न से क्रिमि कीटादि क्षुद्र प्राणि उत्पन्न हुए हैं।

मनुष्यादीन् सिसृक्षुः सन्नादौ लोक पितामहः । असृजन्मनसा सृष्टेः सनकादीन् प्रवृद्धये १४
ते सिद्धमुनयो ब्रह्मध्यानमात्रपरायणाः । न सक्ताः प्रेरिताश्चापि प्रजोत्पादनकर्मणि १५

मनुष्यादि सृष्टि की इच्छा से ब्रह्मा ने सबसे पहले सनकादि सिद्ध मुनियों को संकल्प मात्र से उत्पन्न किया था किन्तु वे सदा ब्रह्मध्यान परायण हो कर सृष्टि के बढ़ाने को तत्पर नहीं हुए।

पुनरस्मान् ससर्जाजो मरीच्यादीनयोनिजान्। किन्तु तेभ्योऽपि नासीद्धि प्रजावृद्धिश्चिकीर्षिता
अप्रसन्नमनास्तेन चिरं ध्यात्वा प्रजापतिः । द्विधा व्यभजदात्मानं स्त्री पुंसाकृतितः प्रभुः ॥
यद्यज्जातिसिसृक्षाऽभूदस्य तज्जातिसूचकम् । स्त्रीपुंरूपं समाश्रित्य तत्तज्जन्तून् ससर्ज सः ॥
मिथो दाम्पत्यरूपेण तयोः सृष्टिश्च भूयसी । जाता देवमनुष्याणां पशुपक्ष्यादिजीविनाम् ।१८
[illegible] संज्ञा [illegible]न्यासन् मिथुनान्येकसङ्गमात् । अमोघवीर्ययोः स्त्रीपुंरूपयोश्च प्रजापतेः ॥

होने [illegible] फिर ब्रह्माने मरीच्यादि हम लोगों को अपने शरीरावयवों से पैदा किया [illegible]किन्तु इनसे भी उनकी अभीष्ट सृष्टि बढ़[illegible] नहीं थी। उससे ब्रह्मा जी असन्तुष्ट हुए और बहुत देर तक सोचकर अपना [illegible]रीर को स्त्री और पुरुष के रूप में विभाजित किया। जिन-२ जातियों [illegible]ष्टि करने का संकल्प ब्रह्मा जी

को हुआ उन-२ जाति के स्त्री पुरुष रूप धारण करके उन्होंने उन-२ जाति कीं सृष्टि की थी। ब्रह्माजी के उन दोनों शरीरों के संयोग से देव मनुष्य और पशु पक्ष आदि जीवों की सृष्टि हुई। सर्वाधिक शक्ति वाले ब्रह्माजी के उन दोनों शरीरों के एक ही संगम से एकैक जाति के बहुत सी स्त्री पुरुष द्वन्द्व उत्पन्न हुए हैं।

पृथग्व्यवहारसिद्धचर्थं सृज्यमानेषु जन्तुषु। भिन्नावयवसंस्थानैः जातिभेदमसूचयत् ॥२१॥
अन्यथा वैदिकाः स्मार्ता विधयः प्रतिषेधकाः। निरर्थका भवेयुस्ते जातिभेदधियं विना ।२२।
यत्राप्याकृतितो भेदो लक्ष्यते नैव देहिषु। तत्र नैसर्गिकैरात्मगुणैं र्भेदमसूचयत् ॥ २३ ॥
एवं ज्ञातेषु वेदोक्तपदार्थेषु प्रभेदतः। कर्माणि तन्निमित्तानि क्रियेरन्नञ्जसा जनैः ॥ २४ ॥

यह गाय यह मनुष्य और यह स्त्री यह पुरुष इत्यादि लोक व्यवहार के लिये ब्रह्मा ने उन-२ जीवों को भिन्न-२ अवयव भेद से सृष्टि की जिससे परस्पर जाति भेद सूचित हो और शास्त्रीय विधि और निषेध भी व्यर्थ न हो। जिनमें आकृति (अवयव संस्थान) से परस्पर भेद मालूम नहीं पड़ता और शास्त्रोक्त-कर्मों के लिये वह आवश्यक है ऐसे ब्राह्मंण क्षत्रियादि वर्णो में नैसर्गिक गुणों

"मरीच्यादीनयोनिजानिति (१६) इदमत्रावधेयं यदयोनिजा मानसी महर्षीणां सृष्टि वेंदे क्वापि न श्रूयते। वेदे तु तेषां महर्षीणां नामानि परं श्रूयन्ते। योनिजसृष्टिश्च श्रौता प्रत्यक्षदृष्ट-योनिजसृष्टिदृष्टान्तेनापि सैव "दृष्टानुसारिणी ह्यदृष्टपरिकल्पनेति न्याये-नानुमेया भवति। अतश्चायमत्र निष्कर्षो यन्मनुशतरूपाभ्यां मिथुनधर्मेणोत्पन्नेभ्य एव मर्त्येभ्यो वेदप्रसिद्धनामानि, इदानीं पुराणादिप्रसिद्ध-रामचन्द्रादिनामानीव, दत्तानीति। उक्तं खलु मनुस्मृतौ " सर्वेषांतु स नामानि कर्माणि च पृथक् पृथक्। वेदशब्देभ्य एवादौ पृथक् संस्थाश्च निर्ममे" (१।२१) इति। ते च तपःप्रभावात्पश्चादृषयोऽपि जाताः। मानससृष्टिवचनं च तेषां प्रशंसार्थम्। यथा ब्राह्मणादिवर्णानां ब्रह्ममुखादिभ्यः, क्वचि दृगादिवेदेभ्य इव चोत्पत्तिः प्रशंसार्था तद्वत्। श्रूयते खलु "ऋग्भ्योजातं वैश्यं वर्णमाहुः यजुर्वेदं क्षत्रियस्याहुर्योनिम् सामवेदो ब्राह्मणानां प्रसूतिः" (तै० ब्रा० ३।१२।९) इति। कैश्चिदुच्यते आदौ मानसी सृष्टिर्जाता। सा चाग्रिमसृष्टिवर्धनेऽसमर्था स्वकालपरिसमाप्तौ नष्टा ऽऽसीत्। ततो ब्रह्मा द्विधा भूत्वा मैथुनसृष्टिमकरोत्। सैव परम्परेदानी [illegible] इति। तदुक्तं ब्राह्मे "दक्षिणाङ्गे तथाऽऽत्मानं संचिन्त्य पुरुषं स्वयम्। वामे [illegible] स द्विधा भूतमकल्पयत्। ततः प्रभृति लोकेऽस्मिन् प्रजा मैथुनसंभवा इति। ([illegible] एतत्पक्षेऽप्याधुनिकानां मुखजन्यत्वगर्वान[illegible]काशः। संन्यासविधौ च "मुखजानाम[illegible] धर्मो यद्विष्णोर्लिङ्गधारणमित्याद्युक्तीना[illegible]ङ्गतिः। विष्णोर्लिङ्गधारणंनामदण्डकमण्डलुका-षायादि धारणम्।

से ही परस्पर भेद सूचित किया गया है। इस प्रकार कहीं आकृति से कहीं स्वाभाविकगुणों से प्राणियों में परस्पर भेद मालूम होने से लोग वैदिक और लौकिक कर्म भी कर सकते हैं।

तत्र नृजाति सृष्टौ तदर्धमस्य प्रजापतेः। शतरूपा तदन्यार्धं मनुश्चाभूत्ततस्तयोः॥ २५॥
मैथुनेन मिथोनृस्त्रीपुंसद्वन्द्वानि जज्ञिरे। जातांश्च शिक्षायामास दम्पती सन् स मैथुनम् २६
मैथुनं शिक्षिता जीवाः स्वीयाः संजग्मिरस्त्रियः। ततः क्रमेण मर्त्यानां सृष्टिरत्र प्रवर्धिता॥

मनुष्यजाति सृष्टि के लिये ब्रह्मा जी का शरीर स्त्री पुरुष रूप में विभक्त था उसमें स्त्री रूप अर्ध शतरूपा और पुरुष रूप अर्ध मनु के नाम से प्रसिद्ध हुए और उनके संयोग से मनुष्य जाति के स्त्री पुरुष शरीर बहुत उत्पन्न हो गये। इस प्रकार स्त्रियों और पुरुषों को उत्पन्न करके उस दम्पती ने भविष्य सृष्टि के हेतुभूत मैथुन क्रिया को भी तत्काल उत्पन्न स्त्री पुरुषों को दिखाया था जिससे वे भी उसी प्रकार सृष्टि को वढ़ा सके।

उनमें कृतयुग पूर्ण होने तक ब्राह्मण क्षत्रियादि वर्ण भेद न ही रहा किन्तु शुद्ध सात्विक स्वभाव वाले होने के कारण वे सब ब्राह्मण ही रहते थे।

इसी अभिप्राय से महाभारत में भी कहा गया है कि एकवर्णमिदं पूर्वं विश्वमा सीद्युधिष्ठीर शा० अं० १८९) हे युधिष्ठिर यह सारा विश्व पहले कृत-युग में एक ही वर्ण रहा था) एवं लिंगपुराण में भी है कि "अप्रवृत्तिः कृतयुगे

योनिज सृष्टौ बृहदारण्यकश्रुतिरपि प्रमाणम्। तथाहि "स इमाममेवात्मानं द्वेधाऽपातयत्ततः पतिश्च पत्नी चाभवतां तस्मादिद मर्धबृगलमिव स्व इति ह स्माह याज्ञवल्क्यः तस्मादयमाकाशः स्त्रिया पूर्यत एव। तां समभवत्ततो मनुष्या अजायन्त इति (ब्रा० ४, मं ३)

अर्थ—वह सृष्टिकर्ता, अपने शरीर को पति और पत्नी के रूप में दो भाग कर दिया। पुरुष रूप अर्धाकाश स्त्री के द्वारा पूर्ण होता है यह बात लोक प्रसिद्ध है। अतः वे भी अपने को दो भागों में मनु और शतरूपा के रूप [illegible] कर सङ्गम किये और उस एक ही सङ्गम से मानव जाति के स्त्री [illegible]क उत्पन्न हुए।

[illegible] शब्दार्थसम्प्रदायमिव मैथुनसृष्टिसम्प्र[illegible]यमपि स एवेश्वरो व्यक्तिभेदमाश्रित्य दर्शितवानिति भावः। व्यक्तिभेदमाश्रित्य श[illegible]र्थसम्प्रदायप्रवर्तकत्वं तस्य नैयायिकादिभिरिष्यतेऽत्राप्यग्रे वक्ष्यते च।

कर्मणोः शुभपापयोः। वर्णाश्रम व्यवस्था च न तदऽऽसीन्न संकरः" अ० ३९-१८ (कृतयुग में स्वर्गभोगेच्छा से यज्ञादि शुभ कर्म और पशुहिंसादि पाप कर्मो का आरम्भ ही नहीं हुआ और वर्णाश्रम व्यवस्था भी उस समय में नहीं रही) उसी प्रकार कृतयुग के चले जाने के बाद कालानुसार मनुष्यों में जब परस्पर रागद्वेषादिगुण उत्पन्न हो गये और ध्यानयोगादि में उनका चित्त स्थिर नहीं रहा था तब यज्ञादि वैदिक कर्मो के द्वारा उनको पवित्र करने के लिये तत्कालीन ऋषि मुनि लोग शमदमादि गुणों के आधार पर ब्राह्मण क्षत्रियादिवर्ण विभाग किए। पद्मपुराण के पातालखण्ड में लिखा है कि, "त्रेतायुगे त्रयीधर्मो ज्ञानवर्णव्यवस्थितिः। माधवे मासि सम्भूता तेन मे माधवः प्रियः" त्रेतायुग के वैशाखमास शुक्ल पक्ष की अक्षय तृतीया में ऋग्वेद यजुर्वेद और सामवेदों के द्वारा प्रतिपादित यागादि कर्मो का आरम्भ हुआ और उनको करने के लिए ब्राह्मणादि वर्णों की व्यवस्था ज्ञान से (यहाँ ज्ञानपद शमदमादि आत्म गुण परक है , अर्थात् शमदमादि गुणों के द्वारा की गयी। यह बात इस स्मृति में भी आगे स्पष्ट की गयी है।

तेष्वग्रे ब्राह्मणाः केचित्क्षत्रिया गुणभेदतः। वैश्याः शूद्राश्च मुनयो जातास्तपो विशेषतः।२८।

उन में से कुछ लोग नैसर्गिक शमदमादि गुण वाले ब्राह्मण और शौर्य-धैर्यादि गुण वाले क्षत्रिय व्यापारिकस्वभाववाले वैश्य और मन्दबुद्धि और प्रमादी लोग शूद्र बने और हमेशा तपोनिष्ट वाले ऋषि मुनि समझे गए।

सृष्ट्वा नृजातिमेवं स तेषां संद्गतिबोधकम्। प्रोक्तवान् मानवं धर्मशास्त्रं तद्बोधनाय नः २९
युष्मान्वयं बोधयामो यूयं बोधयतापरान्। येन मानव जातीया भवेयुः सुखिनः सदा ३०

इस प्रकार मनुष्य जाति की सृष्टि करके मनु महाराज ने उनको पारमार्थिक बोध करने वाले एक धर्मशास्त्र बनाया और उसे वे हमको पढ़ाये जिसे मैं अभी आपको बता रहा हूँ और आप भी इसको लोगों में प्रचार कीजिये। (भृगुमहर्षि के द्वारा प्रचारित होने से इसका भृगु स्मृति नाम से प्रसिद्ध हो गयी है किन्तु इसका प्रणेता मनु थे। अतः यह वस्तुतः मनुस्मृति ही है। इस बातको यज्ञेश्वरसूरी मैथिल ने भी अपने उपोद्घात में स्पष्ट शब्दों से सूचित कि[illegible])

गवादिपशुसृष्टौ तौ धृत्वा स्त्रीपुंगवादिके। वपुषो सुषुवाते तत्तज्जाति मिथुन[illegible]
अण्डजानपि ब्रह्माण्डकर्ता तज्जातिधर्मतः। तत्तच्छरीरमादाय ससर्ज विविधान् हि तान् [illegible]

गाय बैल के शरीर धारण[illegible]र ब्रह्मा ने गो जाति और पक्षी और मत्स्य

आदि अण्डजों को भी उनकी मर्यादा के अनुसार दो-दो शरीर धारण करके उत्पन्न किया था। इसमें भी है बृहदारण्यक श्रुतिः प्रमाण "सा गौरभवदृषभ इतरस्तां समेवाभवत्ततो गावोऽजायन्त। बडबेतराऽभवदश्ववृष इतरः गर्दभी-तरा गर्दभ इतरस्तां समेवाभवत्तत एकशफमजायत अजेतराऽभवद् बस्त इतरोऽविरितरा मेषस्तामितरस्तां समेवाभवत्ततोऽजायन्त, एवमेव यदिदं किञ्च मिथुनमा पिपीलिकाभ्यस्तत्सर्वमसृजत"। (वह शतरूपा गाय हो गयी तो मनुने बैल हो गया। उन दोनों से गो जाति पैदा हो गयी। फिर वह घोड़ी बनी तो मनु घोड़ा बन गया और उनसे अश्वजाति उत्पन्न हो गयी। इसी प्रकार गधे भेड़ बकरे और पिपीलिका (चींटियाँ) तक पैदा हो गये हैं।

तथा देवासुरान् यक्षान्गन्धर्वानपि किन्नरान्। स तत्तज्जातिमर्यादामाश्रित्यैवासृजद्बहून् ३३
श्रुतिस्मृति पुराणोक्त्या प्रत्यक्षाद्यनुभवेन च। उपपन्नमिमं सृष्टिक्रमं नो गुरुरुक्तवान्।३४।
एतद्विरुद्धमुक्त्वा यः क्रमं वञ्चयतीतरान्। निपतेन्नरके घोरे स मूढः श्वपचाधमः ॥३५॥

ऐसा ही देव दानव और गन्धर्वादियों को भी ब्रह्मा ने तत्तदुत्पत्ति मर्यादा के अनुसार उत्पन्न किया था। जो सृष्टि ऊपर दिखाई गई है वह बृहदारण्य-कादिश्रुति मन्वादि स्मृति और कूर्म मार्कण्डेयादि पुराणों के अनुसार और वर्तमान सर्वजन प्रत्यक्ष सृष्टि के अनुरूप ही हमारे पिता जी ने बताया था।

ऊपर दर्शित सृष्टि से विरुद्ध सृष्टिक्रम (अर्थात् ब्रह्ममुखादि से वर्ण सृष्टि) को बताकर जो जनता को वञ्चित करता है, वह मूढ़ घोर नरक में पड़ जायगा।

पदार्थानेवमुत्पाद्य शब्दान् तद्वाचकानपि। वेदान् प्राक्कल्प संसिद्धान् स्मृत्वा लोकानुपादिशत् ॥
तत्रापि गुरुशिष्यादि व्यक्तिभेदमुपाश्रितः। ब्रह्मा शब्दार्थसङ्केतं ग्राहयामास मानवान् ३७

इस प्रकार वस्तुओं और तद्वाचक शब्दों की सृष्टि कर ब्रह्मा ने गुरुशिष्य रूप में दो शरीर धारण कर जनता को शब्दार्थक संकेत को भी ग्रहण करवाया था और पूर्व कल्प सिद्ध वेदों को स्मरण करके लोगों को पढ़ाया था।

प्राणिनो ब्रह्मसङ्कल्प प्रेरिताः सृष्टिवर्धने। संलग्ना व्यग्रचित्तेन स्वस्वजातिप्रवर्धने ॥३८॥
तेषां [illegible]युजाः केचित्केवलं शाकभोजिनः। तदन्ये मांसमेवाद्युः नित्यं व्यापाद्य जीविनः ॥
[illegible]यासन् मि[illegible]थमीक्षेरन् पिबेयुर्जलमोष्ठतः। येषामुभयतो दन्तास्ते शाकाहार भोजिनः ॥४०॥
ब्रह्म[illegible]जमेषाश्व गर्दभोष्ट्रादिजातयः। पत्रपुष्पफल-व्रीहिनानाधान्यादिभोजनाः ॥४१॥

इधर प्राणि वर्ग भी ब्रह्म संकल्प से प्रेरित होकर अपने-अपने जाति परिवार को बढ़ाने लगे। उनमें जो जरा[illegible] प्राणी हैं वे दो प्रकार के हैं कुछ

शाकाहारी और दूसरे मांसाहारी। जो प्राणि प्रकाश में रहने वाले वस्तु को ही देख सकते और ओंठों से जल पीते हैं और जिनके मुख में दन्त, ऊपर और नीचे भी क्रमबद्ध हैं वे सब ईश्वर सृष्टि में शाकाहारी हैं। मनुष्य गौ, हाथी, भेड़, बकरा, गधा और ऊँट इत्यादि जन्तु सब ईश्वर निर्मित शाकाहारी हैं और वे पत्र पुष्प फल और नाना प्रकार के धान्य खाते हैं।

आलोकमनपेक्ष्यापि ये पश्यन्ति चराचरम्। पिबन्ति जिह्वयातोयं दंष्ट्रिनश्च मुखे च ये॥
पत्सु तीक्ष्णनखा नक्तं चरास्ते मांसभोजिनः। अण्डजास्तूभयाहारा जलस्थलनिवासिनः॥
क्षुद्रप्राणिषु नास्त्येव नियमो भोजनादिषु। यस्मात्ते हि प्रजायन्ते तदेवाश्नन्ति नैजतः॥

जो प्राणी अन्धकार में भी वस्तु को देख सकते हैं और जिह्वा से जल पीते हैं और जिनके मुख में दो दो तीक्ष्ण शूलसदृश दन्त और पैरों में शान-दार नाखून रहते हैं और प्रायः रात्रि में ही बाहर घूमते हैं, वे सब ईश्वर निर्मित मांसाहारी है। अण्डज प्राणी सब, मांस और धान्यादि को भी खाते हैं। चींटियाँ और तत्सदृश छोटे जीवों में आहार का नियम नहीं रहता और वे जिसमें पैदा होते हैं उसी को ही प्रायः खाते हैं।

ईश्वरः सर्वभूतानामाहारं सूर्यतेजसा। पाचयित्वा ददात्यात्मज्ञानवैराग्यपुष्टिदम्॥४५॥
तस्माच्चमानवैर्मांसमत्स्य-स्पर्शोऽपि सर्वदा। न कर्तव्यः शृगालादिप्राणिनां तद्धि निर्मितम्॥

परमेश्वर सब जीवों के लिये भोजन सूर्यरश्मि से पका कर देते हैं और वही प्रकृति सिद्ध भोजन सब जीवों के लिये आयुरारोग्यादि और ज्ञानवैराग्यादि देनेवाला है। यदि आदमी उस ईश्वरदत्त आहार को फिर अग्नि से भी पका कर खाता है तो वह ईश्वरीय नियम के विरुद्ध हो जाता है। अतः वह जल्दी नानाविध रोगों का आश्रय हो जाता है। मनुष्येतर प्राणी सब उस प्रकृति सिद्ध भोजन खाते हैं। अतएव उनमें इतना रोग नहीं है जितना मनुष्य शरीर में है। जब तक आदमी ईश्वर नियमों को समझ कर आहार विहारादि में तदनुसार चलता था, तब तक उसमें अनावश्यक दुर्व्यसनों (बीड़ी, सिगरेट पींना और तम्बाकू खाना) का संकल्प मात्र भी नहीं आता था। आग से अन्न को पकाकर खाना प्राणिमात्र के लिये नियम विरुद्ध है मछली मांस तो मनुष्य जाति का आहार हो नहीं है। यह बात ऊपर के ४०-४२ श्लोकों [illegible] स्पष्ट हो जाता हैं। अतः उसे लोग छोड़ दें।

अवतर्णिका-२५ श्लोक से ३२ श्लोक तक श्रुति प्रमाणादि सिद्ध [illegible] सृष्टि क्रम भृगु के द्वारा बताया गया था उससे विपरीत क्रम भी संहिता और

ब्राह्मणादि ग्रन्थों में आपाततः मालूम पड़ता है किन्तु उसका तात्पर्य विषयान्तर में ही है न कि सृष्टि बताने में यही विषय आगे के श्लोकों से बताया जाता है।

प्रजापति-मुखादिभ्यः श्रुता सृष्टिः श्रुतौ क्वचित्। साऽन्यतात्पर्यतः प्रोक्ता न तु मुख्यविवक्षया
विधिर्वा प्रतिषेधो वा यत्र यत्र श्रुतौ श्रुतः। स्तुति निन्दा प्रबोधार्थं गाथाः स्युः तत्र कल्पिताः
बालकानां प्रवृत्त्यर्थं निवृत्त्यर्थमसत्पथात्। श्राव्यन्तेऽपि यथाऽसत्यगाथाः पित्रादिभिस्तथा ॥
अज्ञानिनः प्रवर्तेरन्नान्यथा श्रौतकर्मसु। इत्यालोच्य श्रुतिर्मर्त्यान् श्रावयत्यप्यसत्कथाः ५०
न चैतन्मात्रतो हानिराप्तत्वस्येष्यते बुधैः। आप्तत्वादेव तादृग्भिर्योजयन्ति हिते नरान् ५१

ब्रह्मा के मुखादि से भी ब्राह्मणादि वर्णों की उत्पत्ति वेद में (तैत्ति० सं० ७ काण्ड और ताण्ड्य — ब्राह्मण में) जो सुनी जाती है उसका तात्पर्य उत्पत्ति बताने में नहीं किन्तु विषयान्तर में ही है। विधि या निषेद वेद में जहाँ २ सुने जाते हैं, वहाँ स्तुति या निन्दा प्रकट करने के लिये कल्पित कथायें भी सुनी जाती है। जैसे माता या पिता अपने लड़कों को असत्य कथायें सुना कर भी उनको अच्छे कामों में प्रवृत्त और बुरे कामों से निवृत्त करवाते हैं, वैसा ही श्रुति माता भी लोगों को बच्चे समझकर असत्य गाथाओं के द्वारा उनको कर्तव्य कामों में प्रवृत्त और अनुचित कामों से निवृत्त करवाती है। ऐसे स्थलों पर असत्य गाथायें सुनाने पर भी जैसे माता पितरों में आप्तत्व की हानि नहीं होती है वैसा ही श्रुतिशास्त्रों में आप्तत्व की हानि नहीं है।

जैसे कोई छोटा लड़का पाठशाला में जाना नहीं चाहता हो और घर में चिल्लाता रहता हो, तो घर के बड़े लोग उससे कहेंगे कि "आज पाठशाला में लड़कों को मिठाई बाँटी जा रही है। तुम भी जल्दी जाओ" और बगल में रहने वाला भद्र पुरुष भी कहेगा कि "हाँ हाँ हमने भी देखा है"। इतना सुनकर वह लड़का विद्यालय में तुरन्त चला जायगा और यदि ऐसा न कहकर यदि वास्तविक बात्त कहा जाय कि तुम पाठशाला जाकर पढ़ोगे तो विद्या आयेगी और उससे तुम्हारी उन्नति होगी, यह तो लड़के के समझ में नहीं आयेगा और वह पाठशाला में जाने को तैयार भी नहीं होगा। अतः उसको विद्यालय में भेजने के लिये झूठी वार्ता सुनाना ही सुलभ उपाय है। वैसे ही प्र[illegible] में अज्ञानी लोगों को वेद विदित कर्मों में प्रवृत्त करवाने और निषिद्ध [illegible] निवृत्त करवाने के लिये वेदमाता भी असत्य कथा वार्तायें बताती है।

[illegible] मुख्यप्राणोपासनायां प्रवृत्त्यर्थं बृहदार[illegible]कोपनिषदि (६।१।७) श्रूयमाण इन्द्रियाणामसत्यकलह उदाहरणम्। असंसृष्टहोमप्रक[illegible] प्रातःकालीनाग्निहोत्रे अग्निदेवता-

ब्रह्माजी के मुखादि से ब्राह्मणादि चार वर्ण उत्पन्न हैं। इन (तै० सं० ७ काण्ड १ प० और ताण्डच ब्रा० ६। ।१) वाक्यों का तात्पर्य उत्पत्ति में नहीं किन्तु दूसरे विषय में है ऐसा पहले कहा गया अब वह विषय आगे भी बताया जाता है।

ब्राह्मणोऽध्यापयन्नित्यं तदावृत्तिक्रियाश्रितः। जायते मुखतः सेति मुखाज्जात इतीर्यते।५२।
श्रौत कर्मोपयुक्तानामर्थानामिह मुख्यताम् श्रुत्या द्योतयितुं तेषां मुखजन्यत्वमुच्यते ॥५३॥

वेदों का अध्ययन और उसका बार २ अध्यापन द्वारा आवृत्ति करने से और उसके अनुसार आचरण करने से आदमी, ब्राह्मण बनता है और वह अध्ययनादि क्रिया मुख से ही की जाती है। अतः ब्राह्मणत्व हेतु भूत क्रिया की उत्पत्ति मुख से होने का कारण ब्राह्मण ही मुख से उत्पन्न था ऐसा कहा गया है। मनु रूप ब्रह्मा ने पूर्वोक्त २५-२६ श्लोकों के अनुसार सृष्टि के आदि में मनुष्यों को उत्पन्न करके सबके सामने वेद सुनाया था और उनमें से जो २ व्यक्ति उस वेद को तुरन्त धारण कर लिये और ब्रह्माजी को सुनाये थे उनको ब्रह्मा ने यज्ञानुष्ठान समय में ब्राह्मण शब्द से बुलाया था। इसका विवरण आगे मूल श्लोकों में ही किया जाता है। वेद विहित कर्मोपयोगी वस्तुओं का मुख्यत्व समझाने के अभिप्राय से वेद ने अग्नि और बकरा आदि को मुख से उत्पन्न बताया है। इस गाँव में यह मुख्य इत्यादि स्थलों में भी मुख्य शब्द का विवरण ऐसा कहा जाता है कि मुखाज्जातो मुख्यः।

परित्यागार्थमसत्यवार्ता श्रूयते "उद्यन्तं वावादित्यमग्निरनुसमारोहति। तस्माद्धूम एवाग्नेर्दिवा ददृशे" (तै. ब्रा. २।१।३।९) इति। अत्र च मन्त्रः "सूर्यो ज्योति ज्योतिः सूर्य स्वाहेति"। एव सायं होमे सूर्यदेवता-परित्यागार्थमप्यसत्यवार्ता श्रूयते" अग्निं वावादित्यः सायं प्रविशति तस्मादग्निर्दूरान्नक्तं ददृशे, उभे हि तेजसी सम्पद्येते" इति तत्रैव। अत्र मन्त्रश्च "अग्निर्ज्योतिर्ज्योतिरग्निः स्वाहेति। संसृष्टदेवताकहोमे च" अग्नि-र्ज्योतिर्ज्योतिः सूर्यः स्वाहेति सायं, सूर्यो ज्योतिर्ज्योतिरग्निः स्वाहेति प्रातः"। तदेतत्सर्वं बोधायनश्रौतसूत्रे (३।५।६) तदन्यत्रापि च दर्शितम्। यथा मातापितरौ स्वतनयान् सत्पथे प्रवर्तयितुमसत्पथाच्च निवर्तयितुं मसत्यवार्ताः श्रावयन्ति तथा श्रुतिरपि जनान् बालकान् मत्वा तान् धर्माधर्मयोः प्रवर्तयितुं निवर्तयितुं चासत्यगा[illegible]-यति। मुखादितो वर्णोत्पत्तिवार्ताऽपि एतादृशी एव। न चैतावता पित्रोः श्रुते[illegible] व्याकोपः। एषैव वैदिकी मर्यादा पश्चात् स्मृतिषु पुराणेतिहासादिष्वपि च तद्व्याख्यातृ-भिराश्रिता।

क्षत्रियो जायते मुष्टियुद्धाभ्यासक्रियादिना । सा क्रिया बाहुजन्येति तस्योक्ता बाहुजन्यता ॥
क्षत्रियादौ वलिष्ठत्वं दृश्यते श्रूयते च यत् । तच्च बाह्वाश्रितं तस्माद्‌बाहुजत्वेन ते श्रुताः ॥
वाणिज्यादिक्रियासूपविशंस्तिष्ठन् प्रजायते । वैश्यस्तदूरुसामर्थ्यादिति तस्योरुजन्यता ५६
प्रधावन् परकार्यार्थं शूद्रोऽश्वश्च प्रजीवति । प्रधावनं च पादाभ्यामिति तत्पादजन्यता ५७

मुष्टि युद्धादि का ठीक अभ्यास करने से क्षत्रिय बनाता है और वह क्रिया बाहुजन्य है। अतः वेद क्षत्रिय को बाहुजन्य बताता है और क्षत्रिय और भेड़ इत्यादि में बल देखा जाता है और वह बाहुओं में रहता है। इस हेतु से भी उनको बाहुजन्य बताया है।

वाणिज्यादि में बार-२ उठने और बैठने से वैश्य बनता है। अर्थात् ग्राहकों के आने पर वैश्य बार-२ उठकर घर से चीजें बाहर लाता और बैठकर तौलता है। यह क्रिया (बार-२ बैठना उठना) ऊरूबल साध्य क्रिया से तैयार हो जाने का कारण वैश्य को वेद ऊरुजन्य कहा है।

दूसरों की सेवा के लिए दौड़ते हुए शूद्र और अश्व अपने जीवन निर्वाह करते हैं। ऐसा दौड़ना पादों से ही होता है। अतएवांग्रेजो में ऐसा आदमी रन्नर (Runner) कहा जाता है। अतः उनको वेदने पादजन्य बताया है।

मुख्यतामिति ५३ मुख्यतां द्योतयितुं मुखजन्यत्वमुक्तमितिभाव. । "लोकानां च विवृद्ध्यर्थं मुखबाहूरुपादतः । ब्राह्मणं क्षत्रियं वैश्यं शूद्रं च निरवर्तयत्" इति मनुस्मृति (१।३१) श्लोकस्य मेधातिथिभाष्येऽपि मुखादितो वर्णोत्पत्ति बोधक शब्दस्य निरुक्तार्थ एव दर्शितः । तथाहि तत्रस्थं भाष्यम् "परमार्थतः स्तुतिरेषा । वर्णानामुत्कर्षापकर्षप्रदर्शनार्थम् । सर्वेषां भूतानां प्रजापतिः श्रेष्ठः । तस्यापि सर्वेषामङ्गानां मुखं (श्रेष्ठं) ब्राह्मणोऽपि सर्वेषां वर्णानां प्रशस्यतमः (श्रेष्ठः) । एतेन सामान्येन ब्रह्ममुखादुत्पन्न इत्युच्यते । मुखकर्माध्यापनाद्यतिशयाद्वा मुखत इत्युच्ते । क्षत्रियस्यापि कर्म युद्धं वैश्यस्योरुकर्म पशुरूपं रक्षतो गोभिश्चरन्तोभिर्भ्रमणं स्थल-पथवारीपथादिषु वाणिज्यायै गमनम् । शूद्रस्य पादकर्म शुश्रूषेति ।" एतेन सामान्येन बाह्वाद्यवयवतः क्षत्रयादिवर्ण उत्पन्न इति पूर्वोक्त न्यायः अत्राप्यध्याहार्यः । एतेनेदमपि स्पष्टमत्र विज्ञायते यत्पूर्वपूर्वो-वर्ण उत्तारोत्तरवर्णापेक्षया श्रेष्ठ इत्यत्र कारणं तत्तत्स्वाभाविकं कर्मैव न तु श्रेष्ठावयवजन्यत्वमिति ।

ब्रह्मा... ननु ब्रह्ममुखादितः ब्राह्मणादिवर्णोत्पत्तिबोधकस्मार्त-पौराणिकैतिहासिकवाक्यानां तैत्तिरीयसप्तमकाण्ड-प्रथमप्रपाठक-प्रथमानुवाक एव मूलं संभवतीति कुतोऽर्थवादत्वमुच्यते इति चेन्न । तत्र श्रूयमाणमुखाद्युत्पत्तेरप्यर्थवादत्वात् । तत्र हि प्रजापतिमुखवः

त्रिवृत्स्तोमाग्निदेवता, गायत्रीछन्दो-रथन्तरसाम-ब्राह्मणाजानां, तद्बाहुभ्यां पञ्चदशस्तोमेन्द्रदेवतात्रिष्टुप्छन्दो-वृहत्सामराजन्यावीनां, मध्यतः (ऊरुभ्यां) सप्तदशस्तोमविश्वेदेवदेवताजगतीच्छन्दो-वैरूपसाम-वैश्यगवां, पत्तः (पादाभ्यां) एकविंशस्तोमानुष्टप्छन्दो वैराजमासशूद्राश्वानां च उत्पत्तिः निरमिमीतशब्देनोक्ता । तत्रापौरुषेयवेदभागानां स्तोमच्छन्दस्साम्नामुत्पत्तिः तत्तदङ्गेभ्योऽसङ्गतेति तन्मध्य-पठित-वर्णोत्पत्तेरप्यसङ्गतत्वादर्थवादत्वमेवेष्यते । एतादृशोत्पत्तेरभिप्रायस्तत्तत्प्रकरणगतैरेवार्थवादवाक्यैः सप्रमाणमस्माभिः जात्युपाधिविवेके प्रदर्शितः । एतेन तैत्तिरीयसप्तमकाण्डोक्तोत्पत्ति प्रमाणीकृत्य सर्ववेदगतपुरुषसूक्तेष्वपि सायणेन मुखादितो या वर्णोत्पत्तिरङ्गीकृता साऽपि समाहिता । सायणस्तु अर्ध पूर्वमीमांसकोऽर्धमद्वैतवेदान्ती च । तदुभयमतेऽपि मुखबहूरूपादेभ्यो वेदभागानामुत्पत्तिरनुपपन्नैव । जगदन्तर्गतपदार्थमात्रस्यैवादावुत्पत्ति नाङ्गीकरोति मीमांसकः, सुतरां च वेदानां । वेदान्तिनस्तु ब्रह्मनिश्वासात्मकत्वमेव वेदानामङ्गीकुर्वन्ति । तस्मान्मुखादितः श्रुता वर्णोत्पत्तिरर्थवाद एव । अतएवैतच्छ्रुत्यभिप्रायः श्रीमद्भागवतश्लोकेन इत्थं स्पष्टीकृतः । 'ब्रह्माननं क्षत्रभुजो महात्मा विड्रूरुरन्घ्रिश्रितकृष्णवर्णः" (२।७।३७) इत्यादिना । भागवतसुबोधिनी टीकाकर्त्रा वल्लभाचार्येण सुबोधिनी प्रकाशकर्त्रा गोस्वामिपुरुषोत्तमचरणेन च एतच्छ्लोकव्याख्यानावसरे प्रजापतिमुखादितो वर्णोत्पत्तिः खण्डिता । ननु तत्रैव "ब्रह्मासृजत्स्वमुखतो युष्मानात्मपरीप्सया" इति कर्दमं प्रति मनुरुक्त्वाऽग्रे कथयति "तत्त्राणायासृजच्चास्मान्दोःसहस्रात्सहस्रपात्" (३ २२।२-३) इति । तत्र स्पष्टैवमुखोत्पत्तिरितिचेन्न । तैत्तिरीयश्रुतिप्रोक्तमुखोत्पत्त्यभिप्रायस्यैवात्रानूदितत्वात् । तैत्तिरीयश्रुत्यभिप्रायं जानन्तो जनाः अस्मत्पुराणश्लोकानामपि तादृशमेवाभिप्रायं जानीयुरिति बुद्धयाऽत्रान्यत्रापि चैतादृशश्लोकानां प्रणयनं कृतम् न तूत्पत्त्यभिप्रायेण । उत्पत्त्यभिप्राये चात्रैव व्यभिचारो दृश्यते । यतः कर्दमस्य जन्म ब्रह्मच्छायातः "छायातःकर्दमो जज्ञेदेवहूत्याःपतिः प्रभुः" (३।१२।२७) इत्यादिनोक्तं न तु मुखतः । मनुशतरूपे च ब्रह्मणो द्वैधीभाव एव । तदुक्तम् "कस्य रूपमभूद्द्वेधा यत्कायमभिचक्षते । यस्तु तत्र पुमान् सोऽभून्मनुःस्वायंभुवः स्वराट् । स्त्री याऽऽसीच्छतरूपाख्या महिष्यस्य महात्मन" (३।१२।५३) इति । सक्षाद्ब्रह्मपरिणामरूपेमनौ क्षत्रियवंशोत्पादकत्वेन हेतुना क्षत्रियत्वमङ्गीकृतं न तु वस्तुतस्तत्रापि जातिवाद्यभिमतक्षत्रियत्वम् । वर्णानां मुखबाह्वादिस्थानीयत्वपक्षे चैतदन्यच्च सर्वं समञ्जसमेव । ब्रह्मपुराणे च स्पष्टमेवोक्तं [illegible]दिरूपत्वम् । तद्यथा "ब्रह्म वक्त्रं भुजो क्षत्रमूरू मे संश्रिता विशः । पादौ शू[illegible]ने विक्रमेण क्रमेण च (अं० ५६।२२) इति । क्रमेण यथाक्रमम्, विक्रमेण [illegible]" तस्माद्ब्राह्मणो मुखेन वीर्यं करोति [illegible]हुभ्यां राजन्यः" इत्यादिश्रुतेः । मुखवीर्यत्वं ब्राह्मणस्य बाहुवीर्यत्वं च क्षत्रिणस्य [illegible]वीर्यत्वं वैश्यानां पादवीर्यत्वं शूद्राणामुपस्थवीर्यत्वं

ऊपर के श्लो० ५२ से ५७ तक का ही विवरण प्रकारान्तर से नीचे श्लोकों से बताया जाता है।

यज्ञसंसिद्धये चातुर्वर्ण्यविनिर्निनीषया । तद्धेतुगुण-निर्वर्त्यकर्माण्यादर्शयत्प्रभुः ॥ ५८ ॥
मानवान् जोविकावृत्तीः ब्रह्मा ग्राहयितुंपुरा । व्यक्तिभेदं समाश्रित्य वेदानध्यापयत्प्रभुः ।५९।
मुष्टियुद्धादिकं भूमेः कर्षणं पशुपालनम् । वाणिज्यं लोकसेवार्थं पभ्द्यां धावनमप्यजः ।६०।
जनान् प्रदर्शयामास सर्वानिप्यविशेषतः । शिष्यशिक्षकभेदेन देहद्वयमुपाश्रितः ॥ ६१ ॥
तत्र प्राक्तनसंस्काराद् यस्मिन् कर्मणि येऽभवन् । निपुणास्तेन तेषां स तत्तद्वर्णमबोधयत् ॥
एवं वर्णान्विनिश्चित्य बार्हस्पत्यसवादिषु । श्रौतेषु ब्राह्मणादीन् स योजयामास कर्मसु ६३

वेदोक्त यज्ञादि कर्मों को करवाने के लिए जब ब्रह्मा जी चारों वर्णों का निर्णय करना चाहते थे तब उन्होंने सब लोगों के सामने वेदों का अध्ययन और अध्यापन मुष्टियुद्ध और अस्त्र शस्त्र चलाना, हल चलाना, व्यापार और पशुपालन करना और लोकसेवार्थ पैरों से दौड़ना इत्यादि प्रदर्शित किया था और पूर्व संस्कार के कारण जो जो व्यक्ति जिन-जिन कर्मों को ठीक अभ्यास कर लिए थे उनको ब्रह्मा ने उन गुणों के द्वारा ब्राह्मणत्वादि वर्ण बताया था, अर्थात् जो व्यक्ति अध्यापन और याजनादि बौद्धिक कर्मों में कुशल रहा था, उसको ब्राह्मण नाम से, जो मुष्टियुद्धादि में कुशल रहा उसको क्षत्रिय नाम से क्षत्रियोचितयाग में, जो वाणिज्य धन-धान्य संग्रह में कुशल रहा उसको वैश्य नाम से वैश्यस्तोमादि में और जो दौड़ कर परसेवादि करने में कुशल रहा था उसको शूद्र नाम से यज्ञसाधन चीजों को एकत्रित करने में नियुक्त किया था। अतः आज भी उसी ईश्वर स्वीकृत रीति के अनुसार वर्णों को

स्त्रीणां च शतपथब्राह्मणेदर्शितम् । एतदभिप्रायेणैव महाभारतेऽपि मुखादिरूपत्वं स्पष्टमुक्तम् । तद्यथा "ब्रह्म वक्त्रं भुजौ क्षत्रं कृत्स्नमूरूदरं विशः । पादौ यस्याश्रिताः शुद्रास्तस्मै वर्णात्मने नमः" शान्ति ४७।७ .) इति । ब्रह्म कृत्स्नं क्षत्रं च कृत्स्नं यस्य मुखं भुजावित्यन्वयः। सृष्ट्यादितोऽद्यपर्यन्तमुत्पन्नाः ये वस्तुतः शास्त्रीयब्राह्मणाः क्षत्रियाश्च ते सर्वे इत्यर्थः । एवं विशः शूद्रा इति च बहुवचनान्तप्रयोगेण सर्वे शास्त्रीयवैश्या तादृश शूद्राश्च सर्वे इत्यर्थो लभ्यते । तथाच शास्त्रसिद्धा ये ब्राह्मणादयो वर्णाः सृष्ट्यादितोऽद्यावत् [illegible]त्पन्ना अग्रे उत्पत्स्यमानाश्च ते सर्वे जगदाकारविराट्पुरुषस्य मुखबाह्वादिस्थानीय[illegible]र्थो भवति । मुखादित उत्पत्त्य[illegible]कारे चात्रासङ्गतिरेव स्यात् । यतः सृष्ट्यादौ मुखादितो योनितो वाऽग्रिमसृष्टिकारणीभूता एव [illegible] व्यक्तिरेवोत्पन्ना स्यान्नतु सर्वाः । मुखादिस्थानीयत्वपक्षे च तस्य सहस्रशीर्षत्वादिकमिव [illegible]नन्तब्राह्मणादिव्यक्तिमुखत्वादिक मपि संभवतीति नात्रासंगतिः । तस्मादुक्तं मूले मुख्यतां [illegible]पयितुं तेषां मुखजन्यत्वमुक्तमिति ।

समझ कर तदुचित कर्म करना आवश्यक है नहीं तो अनर्थ हो जायगा, इस अभिप्राय से आगे के श्लोक कह रहे हैं।

शमादिगुण वृत्त्यर्थकर्मभिर्वर्ण निश्चयम्। कृत्वा वैदिकहोमादौ तत्तद्वर्णप्रवर्ततताम् ॥ ६४ ॥
वृत्त्यर्थकर्मभिः सम्यग् वर्णश्च विदितो भवेत्। ततः कर्मसु श्रौतेषु प्रवृत्तिः सफला नृणाम् ॥
अज्ञानान्मोहहेतोर्वा स्वीयवंशाभिमानतः। यो ह्यन्यथा प्रवर्तेतस घोरनरके पतेत् ॥ ६६ ॥
यो वा प्रवर्तयेत्स्वीय-पुत्रानतद्गुणानपि। श्रौतकर्मसु पापात्मा रौरवे स पतिष्यति ॥६७॥
यदा चैतादृशो नृणां दुष्प्रवृत्तिर्भविष्यति। तत कलियुगं ज्ञेयं सर्वधर्मप्रणाशकम्॥ ६८ ॥

मनुष्य अपनी रूचि के अनुसार अध्यापन याजन, और वाणिज्यादि काम भुक्ति के लिये करता ही है। उन कर्मों से ही उसके आत्मनिष्ठ शमदमादि गुणों का भी ज्ञान, उसको और दूसरों को भी हो जाता है। उनसे स्वनिष्ठ ब्राह्मण-त्वादि का निर्णय करके वह ब्राह्मणोचित वैदिक कर्म करें और क्षत्रियत्वादि को भी वह ऐसा ही समझकर तदुचित कर्मों को करें। अज्ञान या अभिमान से जो अपने पूर्वजों के वर्ण अपने में आरोप करके पूर्वोक्त विषय के विरुद्ध आचरण करता है वह घोर नरक में पड़ जायगा। जो पुरुष शमदमादि गुण रहित अपने पुत्रों को भी जाति भ्रम से ब्राह्मण समझकर, ब्राह्मण कर्मों में प्रवेश करवाता है वह रौरव नामक नरक में पड़ जायगा। जब ऐसी दुष्प्रवृत्ति लोगों में होगी अर्थात् शमादिगुण रहित भी अपने को ब्राह्मण पुत्र समझ कर जाति भ्रम से ब्राह्मणादि वर्ण विहित कर्मों में प्रवृत्त होगा तभी से सर्वधर्म-विनाशक कलियुग का आरम्भ समझना चाहिये।

तत्तत्काले निवसतां जनानामुत्तमाधम-भावेनैव तत्तत्कालस्याप्युत्तमाधमयुगत्व मिष्यते न तु स्वतः काले कश्चिन भेदः। कालप्रवर्तकाः सूर्यादयो ग्रहाः पृथिव्यप्तेजो वाय्वादयः शीतोष्णादि ऋतुलिङ्गानि च तान्येवेदानीमपि सन्ति यानि सृष्ट्यदावासन्। उत्तरोत्तरकाले जनानामाधिक्येन परस्परसङ्घर्षस्तेन तज्जनेषूत्तमगुणनाशोऽधमगुणानां प्रवेशश्च जायत इति प्रत्यक्षानुभवसिद्धम्। कलियुगे चैतेषां सङ्घर्षाणामाधिक्यं मनुष्येष्वे वावान्तरासंख्येयाऽप्रामाणिकजातिभेदा मतभेदास्तदनुसारेण यथेच्छं शास्त्रप्रणयनं च जायते। जनाश्चोदरपोषणतात्पर्येणैव प्रायः पारमार्थिकवचांसि ब्रुवते क्वचिच्चौर्यप्राणि-हत्यादिकं च कुर्वत इति एतदेव कालस्य कलियुगत्वम्। कृतादि युगेषु जनै[illegible]त् आवश्यकाहारसौलभ्येन जीविकाचिन्ताऽभावाच्च ते सत्यनिष्ठाः मिथ्याभेदप्र[illegible]-द्वेषादि शून्याश्चासन्। यदा पुनरीश्वरे[illegible]या कलिपुरुषाणां विनाशे सति दर्शितभेदा[illegible]-मपि नाशस्तदाऽयमेव कालः क्रमशः कृतयुगत्वेन परिणंस्यति। अतो जनप्रवृत्तेरेव काल-कारणत्वं दर्शितं स्मृतौ।

द्वितीयोऽध्यायः

श्रुतिस्मृतिभिरुक्तो यः सदा सद्भिश्च सेवितः। स्वात्मप्रीतिकरश्चापि स धर्मो लोकसम्मतः १
नित्यो नैमित्तिकः काम्यश्चेति सोऽपित्रिधा मतः। काम्यो धर्मो गृहस्थानां सर्वेषामितरौ मतौ।
नित्यो ह्यात्मविशुद्धयर्थं कर्तव्यत्वेन चोदितः। शास्त्रेण प्रत्यहं सन्ध्योपासनादिकमुच्यते ३
नैमित्तिकश्च कालादि निमित्ते सति चोदितः। सूर्यचन्द्रोपरागादौ स्नानदानादिकं मतम् ४
काम्यो धर्मो न प्रशस्तो जन्ममृत्युप्रदायकः। ईश्वरार्पणबुद्धया चेत्क्रियते सोऽपि मोक्षदः ५
संसारिभिरयं धर्मः सम्यगाचरितो बुधैः। चित्तशुद्धिप्रणाड्यैव भुक्तिमुक्ती प्रसादयेत् ६
तस्मात्तदर्थिभिर्नित्यं ज्ञातव्यः श्रुतिगोचरः। धर्मः सेव्यो गृस्थैस्तै रैहिकामुष्मिकार्थिभिः ७

सा प्रथा गर्हितैवासीत्पश्चादुत्तरवर्तिभिः। राजभिर्गुणदोषज्ञैः सत्यवर्त्मन्यवस्थितैः।।३५॥
तत्राहिंसेशभक्त्यात्मशान्ति-सत्यादि–बोधकम्। वाक्यजातं महर्षीणामुक्तिरित्यवधार्यताम्।
जातिभेदं प्रकल्प्यैकजातेरुच्चत्व-सेव्यते। तदन्यजाति-नीचत्व - सेवकत्वादिकं तथा ३७।
जन्मतो ब्राह्मणत्वादि-वर्णसिद्धिं गवादिवत्। बोधयद्वाक्यजातं हि याज्ञिकैः परिकल्पितम्
तादृग्मिथ्या कल्पनानामत्याधिक्यं कलौ युगे। तेन जातिप्रथा-भाषा-मतभेदाः प्रवर्धिताः॥
गते कलियुगे तार्वा॰क किं नास्तिक याज्ञिकैः। कल्पितं तेन किं जातं तमनर्थं वदामि वः
भवन्तस्तेन चागामिकलावप्यूहितुं क्षमाः। शृण्वन्तु धूर्तराजैस्तैरानीतां देश-दुर्दशाम् ४१।
प्राक् कृतादियुगेऽध्यात्मचिन्तकैस्तापसोत्तमैः। संसारबन्ध विच्छित्ति पृष्टाः सिद्धमहर्षयः
तदुपायान् सङ्ग्रहेण सत्याहिंसा-दयादमान्। दैवभक्त्यार्जवज्ञान-कर्मेन्द्रिय-जयादिकम्॥
प्रोक्तवन्तः सदा सर्वभावानुद्दिधीर्षवः। तच्छ्रुत्वा मुनिभिस्तालपत्रेष्वालिख्य रक्षितम्॥
तत्सर्वं प्राप्य कालेन कलौ धूर्तपुरोहिताः। स्वीयो[illegible] स्तत्र संयोज्य सर्वं तत्पर्यवर्तयन्॥
एवं धुर्तेषु कुर्वत्सु को वा स्यात्तन्निरोधकः। स[illegible] पालयत्सु सद्राजसु गतेषु च ४६॥
ततो महर्षिनाम्नैव श्रूयमाणेष्वपि क्षितौ। धर्मश[illegible]त्र जन्मजात्युच्चनीचता॥ ४७॥

इधर याज्ञिक लोग, श्रुति स्मृति औ[illegible] इतिहासादियों में स्वानुकूल जन्म जातिव्यवस्था समर्थक कथाओं को मिला[illegible] देये और उन सब को महर्षि-

कर्तृक समझा कर लोगों को पढाने लगे। वह व्यवस्था वाद में गुणग्राही राजाओं के द्वारा निन्दित भी हो गयी और क्रम से वह नष्ट भी हो गयी थी। वैदिक पण्डितों के द्वारा परिवर्तित उन श्रुति स्मृति आदि में भी जो अहिंसा ईश्वर भक्ति और आत्मशान्ति आदि के बोधक वाक्य हैं वे सब, आदि महर्षियों के ही थे और मनुष्यों में अवान्तर जातिभेद और उच्चनीच भावों के बोधक वाक्य सब स्वार्थी पण्डितों के कल्पित समझना चाहिये। ऐसी मिथ्या कल्पनायें प्रायः कलियुग में ही अधिकतर होती रहती हैं और उन से जाति मत और भाषाओं के भेद भी बढ़ जाते हैं। गत कलियुग में ये निरीश्वर मीमांसकों ने जो जो मिथ्या रचनाये किये और उनसे जो २ अनर्थ आये उनको भी मैं अभी बता रहा हूँ जिस से आप भावि कलियुग की परिस्थिति को भी समझ सकें। पहले कृतादि युगों में तपस्वी मुनियों ने संक्षेप से सत्य अहिंसा दैवभक्ति और ज्ञानकर्मेन्द्रिय निग्रह आदिको सर्वमानव कल्याण के लिये बताया था और उन उपदेशों को प्रश्नकर्त्ता मुनियों ने ताल पत्रों में लिख कर सुरक्षित रखा था। उनको कलियुग के वे धूर्त पण्डितों ने पाया और उन महर्षियों के उपदेशवाक्यों को भी मिला कर अपने रचित श्लोकों से नये २ ग्रन्थ उन मन्वादि ऋषियों के नाम से बनाये और उन्हीं को सब जनता और राजाओं को पढाते थे। मूर्ख जनता उन ग्रन्थों को असल मन्वादि रचित समझ कर अपने को नीच जाति मान ली और शास्त्रविद्या से दूर हो गयी थी। धार्मिक राजाओं के मर जाने के बाद उन दुष्प्रचारों को रोकने वाला भी नहीं रहा अतः उस समये में जो२ स्मृति और पुराणादि उपलब्ध (मिलते) थे उन सब में प्रायः जन्म जाति उच्चनीचता का समाचार ही मिलता था।

विद्याविरागता ब्रह्मध्यानेन्द्रियजयादिकम्। सर्वसाधारणत्वेन तैर्यदुक्तं महर्षिभिः ॥ ४८ ॥
तत्सर्वं ब्राह्मणस्यैव सुवर्णस्य सुगन्धवत्। तदब्राह्मणनिष्ठं चेत् श्वदृतिधृतदुग्धवत् ॥४९॥
स्वात्मसेवकबाहुल्यसम्पिपादयिषादिना। विप्रशूद्रौ कलौ वर्ण-द्वयमेवेत्यपीरितम् ॥५०॥
ब्राह्मण्यं जन्मतो ज्ञेयं साध्वसाध्वपि कुर्वताम्। भूदेवाः पूजनीयास्ते तोषणीयाश्च राजभिः
विश्वमात्रे विद्यमानं धनं नानाविधं सदा। ब्राह्मणस्यैव तत्सर्वमन्यस्य तदनुग्रहात् ५२
ब्राह्मणेन तदन्यैश्च प्रत्यहं भुज्यते हि यत्। तत्सर्वं ब्राह्मणस्यैव धर्मतस्त्विति कल्पितम् ५३
विप्राणामेव सेवार्थमीश्वरेण महीभृ[illegible] विविधाश्च जनाः सृष्टास्तस्मात्ते तां प्रकुर्वताम्
पशून् व्यापाद्य यज्ञेषु व्याघ्रवद्भक्षणे[illegible]। स्वर्गे रंभादिसंभोगः संभवेदिति कल्पितम् ५५
सर्वहन्ताऽपि विप्रो न हन्तव्यः कि[illegible]तः। स्वसम्पदा बहिष्कार्यो येन तत्राप्यसौ तथा ५६
भूहिरण्यान्नपानार्घ्यप्रदानैः सर्व[illegible]नाः। राजानश्चापि सेवन्तां ब्रह्मवंशसमुद्भवान् ५७
भोजितोऽपि पुनर्भोज्यो ब्राह्मणोऽन्न[illegible]णः पुनः। क्षुत्पिपासापीडितोऽपि नैव भोज्योऽल्पज्ञोऽपि सः

जन्मतो ब्राह्मणो ज्ञेयो न संस्कारादिसद्गुणैः । गौर्दुष्टाऽप्यर्चनीयैव गर्दभादुत्तमादपि ५९
एवं विधानि वाक्यानि कल्पितानि वहून्यपि । तद्धेतुकामजानद्भिर्भावि भारतदुस्थितिम् ६०
स्वस्य स्वकीयमात्रस्य सर्वथोत्कर्षगृघ्नुभिः । तदन्यसर्वनाशेऽपि स्वीयकुक्षिप्रपूरकैः ६१
अस्मत्कल्पितशास्त्रानुसारिराजभिरेव भूः । पालितेयं भवेन्नित्यमस्मद्भोगैकसाधनाः ६२
जनाः सर्वेक्रियेरैस्तैर्यथा पश्वादयो नृणाम् । इत्याद्यालोच्य तत्सर्वं देशद्रोहाय कल्पितम् ६३
न वाक्य कल्पनामात्रं किन्त्वप्याचरितं तथा । राजदण्डभयेनान्यान् भीषयित्वा सदा जनान्
गुणग्राहित्वमत्यल्पमपि नासीद्द्विजेषु हि । अपूज्यानां सुसत्कारःपूज्यानां च तिरस्क्रिया
तेन सर्वत्र राष्ट्रेऽस्मिन्ननावृष्ट्यतिवृष्टयः । जनेषु रोगवाहुल्यमुत्पातादिभयं क्वचित् ६६

उन महर्षियों ने सार्वजनिक हित के लिये जो विद्या विराग और इन्द्रिय निग्रहादि के उपाय बताये थे वे सब यदि ब्राह्मण में रहेंगे तो सुवर्ण में सुगन्ध की तरह होंगे और अब्राह्मण में रहेंगे तो वे श्वदृति (कुत्ते के चमड़े की झोली) में डाला हुआ गोदुग्ध के समान बताये गये थे। अपने सेवकों की संख्या बढ़ाने के ध्येय से वे स्वार्थी पण्डित कलियुग में ब्राह्मण और शूद्र ये दो ही जातियाँ हैं ऐसा भी वताये थे। अच्छे या बुरे काम करने पर भी जन्म से ही ब्राह्मण होते हैं। अतः राजा और जनता उनको अच्छी तरह पूजा करें। देश भर में सबके पास रहने वाला सब प्रकार का धन ब्राह्मण का ही है। ब्राह्मण के अनुग्रह से ही दूसरे धन पाते हैं और ब्राह्मण और दूसरे भी प्रतिदिन जो कुछ खाते हैं वह सब ब्राह्मण का ही है। ब्राह्मणों की सेवा के लिये ही ईश्वर सारी जनता को पैदा करते हैं।

अतः वह उनकी सेवा करें। यज्ञों में निरपराधी पशुओं को मार कर खाने से स्वर्ग में रंभादि सम्पर्क मिलेगा। ब्राह्मण सबको मारने वाला होने पर भी राजा उसको न मारे किन्तु उसकी सम्पत्ति के साथ उसको अपने देश से बाहर करदेना चाहिये जिससे वह देशान्तर में जाकर भी वैसा बदमासी कर सके। ब्राह्मण को ही भोजन देना चाहिये चाहे वह भोजन किया भी हो, और भूख से मरने पर भी दूसरे को भोजन नहीं देना चाहिये। जन्म से ही ब्राह्मण होते न कि संस्कारादि से और गाय दुष्ट होने पर भी गधा सेश्रेष्ठ है। ऐसे बहुत सी वाक्य कल्पित किये गये। उनके कल्पकों को यह मालूम नहीं था कि भावि भारत में ऐसी वाक्यों से कैसी दु[illegible]ति पैदा होगी। सिर्फ वे इतना ही जानते थे कि हमारे कल्पित वाक्यों [illegible] मानने वाले राजा ही हमेशा भारत के शासक रहेंगे और सारी जनता [illegible] वे हमारी और हमारे भावि सन्तति की सेवा करवायेंगे। गुण ग्राहित्व तो कुछ भी नहीं रहा था अपूज्य व्यक्ति की ही जाति दृष्टि से पूजा और पूजनीय व्यक्ति का तिरस्कार भी होता

था। उससे देश में अतिवृष्टि अनावृष्टि भी होते थे और जनता में रोग पीड़ा भी अधिकता से रहती थी।

ब्राह्मण्यं जन्मत इति (५१) तदुक्तं वर्तमानकलियुगात्रिस्मृतौ "जन्मना ब्राह्मणो ज्ञेयः संस्कारैर्द्विजउच्यते" इति १४०। वर्तमान पद्मपुराणे च "सच्छ्रोत्रियकुले जातो ह्यक्रियो नैव पूजितः। असत्क्षेत्रकुले पूज्यो व्यासवैभाण्डकौ यथा" क्षत्रियाणां कुले जातो विश्वामित्रोऽस्ति मत्समः। वेश्यापुत्रो वशिष्ठश्च अन्ये सिद्धा द्विजातयः "(सृष्टिखण्डे अ० ४८।२६-७) इत्युक्त्वाऽग्रे लिखितम्,, जन्मना ब्राह्मणो ज्ञेयः संस्कारैः द्विजउच्यते। (१२८) इति। पुनस्तत्रैव प्रोक्तम् "यस्य कस्य कुले जातो गुणवानेव तैर्गुणैः। साक्षाद्ब्रह्ममयो विप्रः पूजनीयः प्रयत्नतः" (१४४) इति। गुणवानेव साक्षाद्ब्रह्ममयो विप्रो भवति। तैर्गुणैर्हेतुभिः पूजनीय इत्यन्वयः। पुनरग्रे चोक्तम्। "कदाचित्क्रियते पापं विप्रैःपापैर्नलिप्यते। चाण्डालस्य गुहे निष्ठौ भास्करज्वलनौ यथा" (१५२) इति। एताभि-परस्परविरुद्धोक्तिभिरत्रैव स्पष्टं ज्ञायते यदेषु १२८, १५२ श्लोकौ कल्पिताविति। विश्व-मात्रे इति (५२) तदुक्तं साम्प्रतमनुस्मृतौ "सर्वं स्वं ब्राह्मणस्येदं यत्किञ्चिज्जगतीगतम्। ज्येष्ठ्येनाभिजनेनेदंसर्वं वै ब्राह्मणोऽर्हति॥ स्वमेव ब्राह्मणो भुङ्क्ते स्वं वस्ते स्वं ददाति च। आनृशंस्याद्ब्राह्मणस्य भुञ्जते हीरते जानाः (१।१००-१) इति। एतदपि लोकवेदविरुद्धत्वेन स्ववचनविरोधेन चोपेक्षणीयं भवति। लोकविरोधस्तावत् सर्वस्य धनस्य ब्राह्मणस्वामिकत्वेऽन्येभ्यो वस्तुरूपेण धनरूपेण वा ऋणं गृहीत्वा ब्राह्मणः पुनर्न प्रत्यर्पणेऽपि कृतकृत्यः प्रत्यवायरहितो भवेत्। स्वकीयधनस्य परहस्तङ्गतस्य केनापि उपायेनाहर्तुं युक्तत्वात्। तेन च न कोऽप्यब्राह्मणो ब्राह्मणाय ऋणादिकं दद्यादिति लोक-यात्राभङ्गएव स्यात्। वेदविरोधश्च "ब्रह्म वै ब्राह्मणस्य स्वम् (१। १०) इत्यत्र। अत्रहि ब्राह्मणस्य ब्रह्मैव वेद एव स्वं धनमिति ज्ञायते। एवं स्ववचनविरोधोऽपि "ब्रह्म चैव धनं येषां कोहिंस्यात्तान् जिजीविषुः" (९।३१६) इत्यत्र। अपिच सर्वं स्वं यदि ब्राह्मण-स्यैव तदाऽब्राह्मणैर्ब्राह्मणेभ्यो धनधान्यादिदाने पुण्यं भवतीति वदन्ति सर्वस्मृतिपुराणादिवा-क्यान्यसङ्गतार्थानि स्युः। यतः स्वकीयधनस्य परेभ्यो दाने पुण्यं न तुपरकीयधनस्य।

मांसभक्षणचापल्याद् यज्ञादिव्यपदेशतः। पशून् घ्नन्ति स्म दुष्टास्ते बहून् व्याघ्रादिजन्तुवत्
हिंसादुःखवशान्मूकजन्तवस्तान् शपन्ति च। तेन ते याज्ञिका यज्ञपशवस्ते च याज्ञिकाः॥
पुनस्ते यज्ञशालायां नीयमाना भृशं वपुः। कम्पयन्तो मलं मूत्रमवशाद्विसृजन्ति ते॥६९॥
प्राणिनस्तूच्चनीचादि-योनिषु चक्रनेमिव[illegible]भ्रमन्ति स्वीयकर्मानुसारेणैवेश्वरेच्छया॥७०॥
विप्रब्रुवैर्षितं सर्वमन्येभ्यो गृह्यते बला[illegible]तः सर्वविधं द्रव्यं तेषामेवेति धारणा॥७१॥
स्वात्मसेवां कारयन्तः सेवकेभ्योऽपि[illegible]म्। भृतिं यच्छन्ति तेनैव गर्वेणैते नराधमाः॥
तदृणस्य निवृत्त्यर्थमीश्वरेण प्रचोदि[illegible]। शूद्रा जन्मान्तरे विप्रपुत्रत्वेनोद्भवन्ति हि॥७३॥
पूर्वसंस्कारहीनत्वाद्धेतोस्ते विप्रवे[illegible]षु। वेदस्याध्ययनेऽशक्ता रमन्ते बाह्यकर्मसु॥७४॥

अस्पृश्यत्वेन संख्याता मध्याह्ने कार्यहेतुना । ग्रामे गच्छन्ति चेद्दण्ड श्रुतिश्रावे मृतिर्ध्रुवा ७५।
एवं मृतानां म्लेच्छानां शापेन श्रोत्रियाः पुनः । म्लेच्छादिवेशमसूत्पद्य क्षालयन्ति स्म पुंमल
तदा प्राग्जन्मसंस्काराच्छ्रुतिं श्रुत्वा द्विजास्यतः । प्रत्युच्चरन्ति सुस्पष्टं सस्वरामपिनेऽत्यजा
एवं म्लेच्छेषु धीमत्सु मूर्खेषु ब्राह्मणेषु च । सत्स्वन्योन्यं हि सङ्घर्षस्तूच्चनीचत्वसाधकः।
धूर्तकल्पित धर्मोपदेशेन नृपतीन् द्विजाः । वशीकृत्य बलादन्यान् दण्डयन्ति स्म निष्ठुरम्।
एवं संक्लेशिताः केचिद्ग्रामे ज्ञात्वा द्विजोचितम् । गोत्रादिकमगच्छंस्ते काश्यादौ म्लेच्छशब्दि
नामगोत्रदिकं स्वीयं पृष्टास्तत्राब्रुवन् द्विजैः । स्वीयग्रामद्विजश्रेष्ठनामगोत्रादिकं स्फुटम् ॥८१॥
वैदिकं मन्यमानानां गृहे भूत्वाऽपि पाचकाः । साङ्गवेदान् पुराऽभ्यस्तान् पुनरभ्यस्य तत्सुताः
ऊढ्वोत्पाद्य सुतान्तासु स्वीयम्लेच्छत्वगोपनम् । ब्राह्मण्यं जन्मनैवेति गर्जयन्तः प्रकुर्वते ।
पश्चाज्ज्ञातेऽपि म्लेच्छत्वे तदीयश्वशुरादयः । ब्रुवतेऽयं तु सद्विप्रो जानीमोऽस्य पितामहम्।
तेऽपि स्वीयस्थितिं ज्ञात्वा कदाचिद्वयमप्युत । अभूमैतादृशाः पूर्वमित्यग्रे विस्मरन्ति तत् ।
यैर्विस्मृता स्वकीया प्राक्स्थितिस्ते ह्येव विस्मयम् । प्रकाश्य परिनिन्दन्ति परोक्षे तं नरंनरा।

मांस भक्षण के लालच से यज्ञादिको निमित्त बनाकर वे दुष्ट याज्ञिक व्याघ्रादि की तरह बहुत से पशुओं को मारते थे। हिंसा दुःख के कारण वे मूक जन्तु मरते समय मारने वालों को शाप देते थे। और उससे वे याज्ञिक दूसरे जन्म में यज्ञपशु बन जाते थे और ये मरे हुए पशुगग याज्ञिक बन जाते थे। फिर जब वे याज्ञिक इन पशुओं को यज्ञशाला में मारने को ले जाते थे तब वे पशु काम्पते हुए मल मूत्र छोड़ देते थे। गाड़ी के चक्रों की आरियों की तरह सभी प्राणि पूर्वकृत कर्म के अनुसार उच्च नीच योनियों में घूमते रहते हैं। ब्राह्मण नाम धारी को जो कुछ आवश्यक हो वह सब दूसरों से जबर दस्ती छीन लिया जाता था, क्यों? उनकी यह धारणा है कि सब प्रकार का धन और चीजें हमारी ही हैं। उसी गर्व से वे अपने यहाँ काम करने वाले मजदूरों को भी उचित मजदूरी देते नहीं रहें। उसी ऋण निवृत्ति के लिये ईश्वर प्रेरित होकर वे मजदूर दूसरे जन्म में उन ब्राह्मणों के पुत्र के रूप में पैदा होते थे और पूर्वजन्म के विद्यासंस्कार का अभाव से उनको वेदाभ्यास में रुचि और सामर्थ्य भी नहीं रहती थी। अतः वे बाह्यः स्थूल कार्यों में ही लग जाते थे। जो अछूत माने जाते थे वे दोपहर को कार्यवश गाँव में जाकर वेद, जो विप्रों के घरों में पढाया जाता था, सुनेंगे तो [illegible]को मरण दण्ड दिया जाता था। इस प्रकार जो २ मर जाते थे उनके [illegible]ालीन शाप से दण्ड दिलाने वाले ब्राह्मण, दूसरे जन्म में म्लेच्छों के घरों में [illegible] हो जाते थे और जब वे सफाई करने के लिये सबेरे गावों में जाते थे, त[illegible] ब्राह्मणों के घरों में वेदपाठ सुनकर ऐसा पूर्वजन्म संस्कार रहने से वे उसे याद भी कर लेते थे। इस प्रकार

जब म्लेच्छ बुद्धिमान् और ब्राह्मण मूर्ख हो जाते थे तब उनमें उच्च नीच भाव के लिये आपस में बड़ा सङ्घर्ष हो जाता था। ब्राह्मण कहते थे हम जन्म से बड़े तुम जन्म से नीच हैं। वे बुद्धिमान् म्लेच्छ कहते थे कि यह तुम्हारी कल्पना है न कि ईश्वर की। ईश्वर और शास्त्रों की दृष्टि में जो बुद्धिमान है वही बड़ा है। इधर राजा भी जन्मजाति प्रथा के भ्रम में पड़कर ब्राह्मणों की बात मान लेते थे और म्लेच्छों को कठिन दण्ड देते थे। इस प्रकार दुःखित होकर कुछ म्लेच्छ काशी इत्यादि पुण्यक्षेत्रों में चले जाते थे और ब्राह्मणनाम गोत्रादि बता कर वहाँ वैदिक पण्डितों के घरों में पाचक (भण्डारी) बन जाते थे और साङ्गोपाङ्ग वेद पढ कर उनकी लड़कियों से शादी भी कर लेते थे। प्रसङ्ग आने पर वे अपने म्लेच्छत्व को छिपाने के लिये ब्राह्मण जन्म से ही होते हैं ऐसा उच्चस्वर से बोलते थे। कालानुसार जब कभी उनका म्लेच्छत्व प्रकट होने लगता है तो उनके ससुर दूसरों से बोलते थे कि यह हमारा जामात अच्छा ब्राह्मण है और इसके पितामह को हम अच्छी तरह जानते भी हैं। वे दूसरे ब्राह्मण भी अपनी पूर्वस्थिति को याद करके "हम भी एक समय में ऐसे ही रहते थे समझकर उस पर आश्चर्य प्रकट नहीं करते थे। जो लोग अपनी पहले की परिस्थिति को भूल गये और अपने को ब्रह्ममुख से उत्पन्न सन्तति समझते थे, वे ही उनके परोक्ष में आश्चर्य प्रकट करते थे"।

केचित्स्वीकृत्य संन्यासं सन्मानादि प्रलोभतः। जन्मब्राह्मणवादेन द्योतयन्त्यात्मनोऽपि तत्.
यावदुच्च स्वरेणैते जन्मविप्रत्वसाधने। गर्जयन्ति स्म तावत्तच्छिष्टविप्रत्व-विभ्रमः ॥८८॥
तेन भारतमूर्खास्तान् पादस्पर्शादि-पूर्वकम। पूजयन्ति स्म वस्त्रान्न-दक्षिणाभिश्च सन्ततम्
कश्चिदुत्तम-संन्यासी द्विजत्वं शास्त्र-सम्मतम्। यदि ब्रूयात्तदा मूर्खास्त्वद्विजं तंच मन्वते॥
घूर्णयन्तस्ततो दृष्टिं पाखण्डजाति वादिनः। भिक्षामपि न यच्छान्तस्तूपेक्षन्ते च सद्यतिम॥
एतन्महाभयेनैव शिष्टाः केचिन्मनीषिणः मताचार्याश्च याथार्थ्यं न वदन्तिस्म कुत्रचित्॥
अपरे चान्यदेशेषु वेदशास्त्र-विरोधिषु। गत्वा तानाह्वयामासुराश्वास्य तत्सहायताम् ९३॥
म्लेच्छशूद्रादिसंज्ञाभिर्ये निन्द्यन्ते स्म भारते। तेऽपि स्वीकृत्य पैशाचं मतं ध्वंसन्ति वैदिकम्
आत्मरक्षार्थमाहूताः पश्चान्मन्दिर-भञ्जनम्। पैशाचमतय श्चक्रु र्वेदशास्त्र प्रदाहनम् ९९॥
जीवतां चर्मनिष्कास्य बहून् भारतभूपतीन् ब्राह्मणादीन् नाशयित्वा राजानस्तेऽभवन् स्वयम्
नाशावशिष्टाः केचित्ते त्यक्त्वा स्वीयं मतं शनैः। तदीयमतमाश्रित्य पीडयन्ति स्म भारतान्
संस्कृतं वेदशास्त्राणि प्रणाश्यैते स्वभारती[illegible]। वर्धयन्ति स्म तामेव पठन्त्यन्येऽपि भारताः॥
मनस्यन्यद्वचस्यन्यद्धृत्वोक्त्वा च तथेतरे[illegible] प्रभुवाः प्रजीवन्ति ग्रामकूपस्थभेकवत् ॥९९॥
सर्वमेतज्जन्मजातिव्यवस्थायाः फलं [illegible]भुञ्जानाः स्वापराधं ते न जानन्ति स्म दुर्भगाः
अनन्यशरणाः स्वात्मत्राणे ते कलिपू[illegible]। प्रतीक्षन्ते स्वात्महस्तबद्धनेत्रांधदृष्टयः ॥१०१॥
भारतानन्यदेशीयाः सर्वान् पश्यन्त्य[illegible]तिवत्। विप्रांस्तु कीटवच्चैव एषा भारतदुर्दशा॥

कुछ म्लेच्छवंशज संन्यास लेकर पूजा सन्मानादि के लोभ से ब्राह्मणादि वर्ण जन्म से ही होते हैं ऐसा प्रचार करते थे जिससे अपने को जाति भ्रम वाले लोग जन्म सिद्ध ब्राह्मण समझ सके। जितने उच्च स्वर से वे जन्म जाति प्रथा को समर्थन करते थे मूर्ख जनता उनको उतना शिष्ट ब्राह्मण मानती थी और उनको अच्छे अन्नवस्त्रादि देकर पूजा करते थे। यदि कोई उत्तम संन्यासी शास्त्र सम्मत ब्राह्मण का स्वरूप बताने लगे तो मूर्ख लोग उसको अब्राह्मण समझते थे और उसको भिक्षा भी नहीं देते थे। इसी प्रकार के भय से कुछ शिष्ट पण्डित और मताचार्य भी शास्त्रसम्मत ब्राह्मणत्वादि को जानते हुए भी उसको बाहर नहीं बताते थे और कुछ लोग उसके विपरीत, जन्म से ही वर्ण सिद्धि बताते थे। अतिरिक्त बुद्धिमान म्लेच्छवंशज विदेशों में चले गये और वहाँ के पाखण्ड सिद्धान्त वालों को अपनी रक्षा के लिये अधिक संख्या में बुला लाये थे और ये सभी उस पाखण्ड मत को स्वीकार करके यहाँ के वैदिक मत की निन्दा करते थे और मठ मन्दिरों को तोड़ फाड़ कर देते थे और यहाँ के राजाओं को भी जो जाति प्रथा को प्रोत्साहन देते थे, जीते जीते चमड़े निकाल कर वे स्वयं राजा बन गये थे। इस प्रकार के नाश से जो बच गये वे भी धीरे धीरे अपना मत छोड़कर विदेशीय मत को स्वीकार कर लिये और हमेशा भारत के बाधक बने रहते थे। संस्कृत और शास्त्रों का नाश करके वे विदेशी शासक अपनी भाषा और मतग्रन्थों का प्रचार करते थे। जाति प्रथा वाले कुछ ब्राह्मण मन में एक और बाहर दूसरी बात कहते हुए कूपस्थ मण्डूक की तरह जीवन बिताते रहे और अपनी रक्षा के लिये अनन्यशरण होकर कलि पुरुष की प्रतीक्षा करते थे। उनका यह भ्रम रहता था कि वह कलिपुरुष अपनी पाखण्डता को मान कर दूसरों को दण्ड देने वाला होगा।

एतस्मिन् संकटे कश्चिन्महात्माऽवततार हि। पुनर्भारतस्वातन्त्र्यमानिनीषुस्तदा कलौ १०३
स्पृश्यास्पृश्यादिभेदेन विप्राविप्रप्रभेदतः। मिथो द्रोहि स्वदेशीयानेकत्री कृत्य पितृवत् १०४
शान्त्या दान्त्या च सौजन्यनीत्या सत्येन संगरम्। कृत्वा च परदेशीय-शासकैस्तानितो बहि
निष्कास्य भारतेऽवान्तर्नृपान् भूस्वामिनस्तथा। वैषम्यापादकावान्तर्जातिभेदप्रवर्धकान्१०६
निर्मूल्य भारते सर्वजनता-तन्त्रशासनम्। संस्थाप्य निजकर्तव्य-पूर्तौ गतः स्वधाम सः॥
तत्रादौ शासकत्वेन ये सर्वजनतावृताः। ते [illegible]त्कालपर्यन्तं प्रावर्तन्तोच्चदृष्टिभिः १०८
किन्तु कालक्रमेणैते नैसर्गिककुवासनाः। ना[illegible]सकाः सन्ता मोषका एव तेऽभवन्॥
देशसेवकनाम्ना ते शतशश्च सहस्रशः। वेतन[illegible]दि[illegible]श्चापि भ्रष्टाचारा भवन्ति ते ॥११०॥
सामुदायककार्यार्थं नियुक्ता राष्ट्रवित्ततः। जनेभ्यो[illegible]रुत्कोचं तदर्थमपि गृह्णते ॥१११॥
शोषयित्वा स्वदेशीयान् नाशयित्वाऽपि भारतम्। [illegible]स्वकीय-प्रवृद्ध्यर्थं गर्हितं कुर्वते स्म ते

देशवासिसुरक्षार्थं रक्षकत्वेन निर्मिताः । विस्मृत्य ते स्वकर्तव्यं प्रायः प्रत्यक्षराक्षसाः ११३
स्वतन्त्र भारते प्राग्वत्संस्कृतोन्नतिवांञ्छया । विश्वविद्यालयान् राष्ट्रे संस्थाप्यापि तदुन्नतिम् ॥
न कुर्वन्ति स्म बह्वर्थं तत्संचालकतृप्तये । व्ययीकुर्वन्ति तद्वृद्ध-दक्षिणाव्यपदेशतः ११५
तत्राध्यक्षादिरूपेण नियुक्ता ये कुनीतयः । तेऽपि ब्राह्मणपिण्डेभ्यो येन केनाऽपि हेतुना ११६
कृत्स्नभारतदेशीय-सर्ववित्तप्रदापने । स्वेषां पुण्यं यशश्च स्यादिति विभ्रमचेतसः ॥११७॥
संस्कृतव्यपदेशेन-व्ययीकृत्यापि किंचन । वहिः प्रदर्श्य तद्भक्तिं मन्त्रिणोऽन्यगिरं श्रिताः ॥
जातिवादिकृतान्याय्यग्रन्थसद्भाव-हेतुना । संस्कृतात्ते सदा भीताश्चक्रुरन्यां स्वभारतीम् ॥
संस्कृतं राष्ट्रभाषा चेत्तामधीत्य मिथो जनाः । जन्मनैव वयं श्रेष्ठा यूयं निकृष्टजातयः १२०
अस्मदीयं जगत्सर्वं दयया नो भवेद्धि वः । इत्येवं कलहाः स्युर्ये प्रागस्वातन्त्र्यकारकाः ॥
सदेवं चिन्तयन्तस्ते भस्त्रानिक्षिप्तदुग्धवत् । तत्यजुः संस्कृतं सर्व-श्रेयस्करमपि क्षितौ १२२

ऐसी संकट परिस्थिति में एक महात्मा जो भारत को फिर स्वतन्त्र बनवाने की इच्छा से गत कलियुग में अवतरण किये और भारत में छुआ छूत और ब्राह्मणाब्राह्मण भेदों से परस्पर द्रोह करने वाले स्वदेशियों को पिता को तरह एकत्रित करके शान्ति और सौजन्यनीति से स्वातन्त्रता संग्राम चलाया और विदेशियों को भारत से बाहर निकाल दिये थे। पहले से यहाँ रहने वाले छोटे २ राजाओं और जमीन्दारों का, जो जन्म जाति प्रथा का प्रोत्साहन देते थे, निर्मूलन किया और भारत को जनतन्त्र राष्ट्र बना कर वे अपना धाम चले गये थे। उस जनतन्त्र भारत में जो२ नेता मन्त्रि आदि के रूप में चुने गये थे, वे कुछ समय तक उच्च आदर्श दृष्ठि से और स्वार्थ त्याग से काम करते थे, परन्तु बाद में धीरे २ अपने स्वाभाविक कुवासनाओं के कारण नामतः शासक होते हुए भी क्रिया रूप में बिलकुल मोषक (चोर) हो गये थे। सैकड़ों और हजारों रुपये वेतन लेते हुए भी वे अपने को देश सेवक बताते थे और इतना लेते हुए भी वे भ्रष्टाचार छोड़ते नहीं रहे। जनता से घूस लेकर उनका काम करते थे। अपनी वृद्धि के लिये वे स्वदेश वासियों का शोषण करते थे। शान्ति स्थापित करने के लिये देश भर में जो रक्षा विभाग (पुलीस) नियुक्त किया गया था उसमें काम करने वाले प्रायः अपने कर्तव्य को भूल कर प्रत्यक्ष राक्षस के बराबर हो गये थे। पहले की तरह संस्कृत की उन्नति करने की इच्छा से विश्वविद्यालय और म[illegible] विद्यालयों को स्थापित करके भी उस समय की सरकार वैसी उन्नति नहीं [illegible] थी और वहाँ के संचालकों की तृप्ति के लिये और वृद्ध पण्डितों को [illegible] वास्ते बहुत धन खर्च करते हुए भी वह विद्यार्थियों को अधिक संख्य[illegible] छात्र वृत्ति देकर पढाने में असमर्थ रहता था। उन संस्कृत-विद्यासंस्था में [illegible]नियुक्त उच्च अधिकारी भी, ब्राह्मण पण्डितों को

किसी न किसी निमित्त से सरकार का धन दिलवाने में अपने को पुण्य और कीर्ति समझते थे। बाहर से भक्ति दिखाने के लिये संस्कृत के नाम से बहुत खर्चा करते हुए भी उस समय की सरकार संस्कृत को छोड़कर दूसरी भाषा को राष्ट्रभाषा बनवायी थी और वह संस्कृत से इस बात पर बहुत डरती थी कि संस्कृत राष्ट्रभाषा होगी तो, जातिवादियों के द्वारा मन्वादि महर्षियों के नाम से निर्मित ग्रन्थों को पढ़कर लोग हम जन्म से श्रेष्ठ हैं सारी दुनियाँ हमारी है इत्यादि बातें करते रहेंगे, उससे जातिवाद बढ़ जायगा और फिर पराधीनता हो जायगी। उसी भ्रम से वह सरकार संस्कृत को हटाकर दूसरी भाषा को मुख्य बनवायी थी और उससे प्रान्तीयता भी लोगों में बढ़ गयी थी।

तादृग्बहुविधान्यायक्लेशितेषु सदा नृषु। राजनैतिक-सिद्धान्तमत-भेदाः समुत्थिताः ॥
स्वजातिमत-भाषादि-भेदेनान्योन्यविग्रहाः। सर्वप्रान्तेषु सञ्जाताः प्रबलाश्चोत्तरोत्तरम् ॥
सर्वेषां दर्शितानर्थ-व्रातानां मूलकारणम्। एकमेव हि मर्त्येषु जातिभेदप्रकल्पनम् ॥१२५
तद्विनाशयितुं केचिन्महात्मानोऽपि भारते। दक्षिणोत्तरभागेषु विष्णुलोकादवातरन् ॥१२६
वेङ्कटाचल - नीहारपर्वत - प्रान्तभूमिषु। कृततीव्रयपःप्राप्त-समस्त-सिद्धयोऽभवन् ॥१२७
ते तच्छिष्य-प्रशिष्यादिपण्डित - प्रवरा भुवि। जातिभेदजगद्व्याप्त - वट वृक्षांतु मूलतः ॥
श्रुतिस्मृतीति-हासादि-मन्थनोत्थचिदग्निना। प्रादाहयन् पुनर्येन प्रबोढुं नैव शक्ष्यते ।१२९
तदा ते प्रथमं वेदस्मृत्यादौ तुच्छास्वर्थिभिः। प्रकल्पितानि वाक्यानि बहिर्निष्काश्य कृत्स्नशः
सृष्ट्यादौ सिद्धसर्वज्ञ महर्ष्युक्तानिं सर्वतः। पृथक्कृत्य जनान् सर्वान् पाठयामासुरास्तिकाः
पूर्वमेतानि सङ्गोप्य जातिभेदप्रबोधकम्। विप्रब्रुवैर्वाक्यजातं श्रावितं नतु पाठितुम् ॥१३२
पाठने सर्वकल्याणकृद्वाक्यान्यपि मानवाः। विज्ञाय जन्मजात्यादि विरून्ध्युरिति तद्भयम् ॥
तत्रादौ ब्राह्मणत्वादिचतुर्जातिभिदाक्षयात्। नष्टा तन्मूलविश्वीय-नृजात्यन्तर-विभ्रमाः ॥
ततः संस्कृतभाषैका राष्ट्रभाषाऽभवत्कलौ। भुक्तिमुक्त्यर्थिभिः सर्वैः पठ्यते स्म सदा जनैः ॥
विश्वविद्यालयाः सर्वे संस्कृतैकप्रबोधकाः। जातास्तेनाल्पकालेऽत्र पाण्डित्यं समपादि च ॥
भाषाभेदप्रयुक्तोऽपि प्रणष्टः कलहोऽप्यथ। विद्याभ्यासिरपि स्वल्प वित्तेनैवाभवत्तदा ॥१३७॥
यस्मै यद्रोचते शास्त्रं वेदाः स्मृत्यादयोऽपि वा। तदेव पठ्यते तेन तत्रोक्तनियमव्रतैः ॥१३८
पूर्वसंस्कारतः केचिद्वेदेष्वन्ये स्मृतिष्वपि। प्रवीणाश्चाभवंस्तेन सर्वशास्त्रप्रचारिता ॥१३९॥
यस्य प्राक्तन-संस्कारो नास्ति शास्त्रावधारणे। स यस्य कस्य चिद्वाऽपि पुत्रः सेत्रापरोऽभवत्
येषां वेदेषु वैदुष्यप्रगतिस्ते हि कर्मसु। आर्त्विज्य[illegible] तत्र काऽपि हानिर्न कस्यचित् ॥१४१

इस प्रकार के अन्यायों से दुःखित [illegible] के बीच में परस्पर विरुद्ध राजनैतिक पार्टियाँ खड़ी हो गयी थी। कहीं के [illegible] मतभेदों से और भाषा भेदों से तो सर्वप्रान्तों में पारस्परिक कलह पैदा हो गये थे। उपरोक्त सब अनर्थों

का एकमात्र मूलकारण मनुष्यों में कल्पित अवान्तर जातिभेद ही था। धूर्तों के द्वारा कल्पित उस जाति भेद का विनाश करने के लिए कुछ महात्मा लोग विष्णु.लोक से भारत के दक्षिण और उत्तर प्रदेशों में अवतरण किये थे और वे तिरुमल तिरुपति वंकटाचल में और हिमालय पर्वतों में तीव्र तपस्या करके सभी प्रकार की सिद्धियाँ प्राप्त किये थे। वे और उनके शिष्य प्रशिष्य पण्डितों ने विश्वव्यापी उस जातिभेद रूप महा वटवृक्ष को श्रुतिस्मृतीतिहासादिग्रन्थ-विचारजन्य ज्ञानाग्नि से निःशेष जला दिये थे जिससे वह फिर न उठ सके। पहले वे श्रुतिस्मृत्यादियों में से प्रक्षिप्त वाक्यों को पूरा बाहर निकाल दिये और सृष्ट्यादि में उपदिष्ट महर्षियों के वाक्यों को जिनमें जन्मसिद्ध जातिभेद बिलकुल नहीं रहा था, अलग किये और उन्हीं को सारी जनता को पढ़ाये थे, जिनको जातिवादियों ने छिपाकर केवल जातिभेद वाक्यों को ही पामर जनता को सुनाते रहे न कि पढ़ाते थे। पढ़ाने में उनका यह डर रहता था कि जनता असल महर्षि वाक्यों को भी पढ़कर जातिवाद को नष्ट कर देगी। वे अवतीर्ण महात्मा और उनके शिष्यों ने सर्वप्रथम जन्मसिद्ध वर्ण जातिभेद को नष्ट कर दिये थे और उससे तन्मूलक सभी अवांतर जातिभेद अपने आप ही नष्ट हो गये थे। उन सब भेदों का और उनसे होने वाले कलहों का नाश हो जाने के बाद, संस्कृत ही निर्विरोध भारत की राष्ट्रभाषा हो गयी थी और भारत के भुक्तिकामी और मुक्तिकामी सभी लोग, संस्कृत को ही पड़ने लगे। भारत के सभी विश्वविद्यालयों में संस्कृत भाषा ही पढ़ाई जाती थी और उससे विद्यार्थी अल्प उम्र में पण्डित बन कर युवावस्था में ही अपने २ आश्रम कार्यों में निपुण हो जाते थे। प्रान्तीयता और भाषा प्रयुक्त कलह भी, जो पहले जोर से चलते थे पूरा नष्ट हो गये और देश भर में एक ही अनिवार्य मुख्य भाषा हो जाने से विद्या व्याप्ति करने में सरकार का भी ज्यादा पैसा खर्च करना नहीं पड़ता था और जिस का जो विषय या वेदादि शास्त्र अच्छा लगता हो उसी को वह नियमानुसार पड़ता था। पूर्वजन्म संस्कार के अनुसार कुछ लोग वेदादि धर्म शास्त्रों में और कुछ लोग योग ज्यौतिषायुर्वेदादि शास्त्रों में अनायास प्रवीण हो जाते थे और उससे सभी शास्त्रों का प्रचार भी हो जाता था। जो वेदों में पण्डित होते थे वे ही, चाहे [illegible] किसी के भी घर में पैदा हुए हो, यज्ञादि में ऋत्विक बनते थे। इससे किसी का [illegible] कुछ हानि नहीं होती थी।

प्राग्ये पाखण्ड सिद्धान्ते प्रविष्टास्ते दु[illegible]म्। मतमाश्रित्य जात्यादि-प्रथानाशान्निराकुलाः
सस्यनुकूलवृष्ट्या च सर्वमानवशान्तिः[illegible]। कृतादाविव न व्याधिर्नाप्याधिर्वा नृणामभूत् १४३
एवं सर्वसुख प्राप्तौ किमर्था जातिकल्पना। तया चानर्थबाहुल्य-प्राप्तिर्वा कस्य रोचते।१४४

उच्चनीचादि भावस्य हेतुः स्वीयप्रवर्तनम् । श्रेष्ठत्वाश्रेष्ठतासिद्धिः विद्याऽविद्यानिबन्धना॥१४५
पूजत्वापूज्यताहेतुः सदाचारादिरेव हि । न त्वन्यदन्धविश्वासबीजं हेतुतयैषितम् ॥१४६॥
स्नातकानां विवाहं च प्रायो गुरुकुलाधिपाः । कुर्वन्ति स्म स्वभावेन तुल्ययोर्वरकन्ययोः॥१४
न तत्राप्यन्धविश्वासमूला जातिः प्रगण्यते । नापि गोत्रं किन्तु पित्रोः सप्तपुरुषवर्जनम् १४८
एतदेवं हि पर्याप्तं व्यावृत्यर्थं पशुत्वतः । मन्यते स्म जनैः पश्चात्सृष्टयादावप्यलक्षितम् १४९
विद्यासन्ततिरेवादौ गोत्रमासीत्ततः क्रमात् । जातिवादिभिरुत्पत्तिहेतुकत्वेन सम्मतम् ॥१५०
ब्रह्मणा मनुना चेयं सृष्टिः स्वीयाहरागमे । प्रवर्तते यथापूर्वं प्राक्प्रदर्शितरीतितः ॥१५१॥
गोत्रर्षिसमुदायस्य विप्रेष्वन्योन्यभेदकः । वंशो विद्यासम्प्रयुक्तो न तूत्पत्तिनिबन्धनः ॥१५२

जातिवादियों को यातनाओं के कारण पहले जो-जो पाखण्ड मतों में प्रविष्ट थे वे भी वैदिक मत में आगये थे और पाखण्ड जाति प्रथा का नाश हो जाने से वे निश्चिन्त भी रहते थे। सस्यानुकूल वृष्टि और सर्वमानवों में शान्ति हो जाने का कारण उस शेष कलियुग में कृतयुग की तरह मनुष्यों में किसी प्रकार की व्याधि शारीरिक या मानसिक नहीं रहती थी। उस समय उच्चनीचादिभाव का हेतु आदमी का प्रवर्तन ही माना जाता था और श्रेष्ठत्वा-श्रेष्ठत्व का हेतु विद्या और अविद्या हो मानी जाती थी और पूज्यत्वापूज्यत्व का भी सदाचारादि ही हेतु माना जाता था न कि पूर्व वंश परम्परा, जिसे अन्ध विश्वासी लोग पहले मानते थे। विश्वविद्यालयों में स्नातकों का विवाह भी, गुरुकुलाध्यक्ष की सम्मति से, तुल्य स्वभाव वाले वधूवरों को किया जाता था। उसमें अन्धविश्वास मूल, जाति और गोत्र भी देखा नहीं जाता था। किन्तु मातृ सम्बन्धियों में पाँच पुरुषों और पितृ सम्बन्धियों में सात पुरुषों को छोड़कर विवाह किया जाता था और उतने से ही पशुतुल्यता का वारण समझा जाता था, जो सृष्ट्यादि में उतना भो नियम नहीं रहता था। गोत्र पहले विद्यासन्तति ही रहा किन्तु बाद में वह उत्पत्ति मूलक माना गया था। ब्रह्म और मनु के द्वारा ही यह सृष्टि दर्शित रीति से पैदा हुई है न कि गोत्रर्षियों के द्वारा गोत्रर्षिवंशपरम्परा तो पहले विद्या प्रयुक्त ही रही न कि जन्म प्रयुक्त।

सृष्टयादावप्यलक्षितमिति (१४९) पितृतः सप्तपूर्व - पुरुषान् मातृतः पञ्च पुरुषांश्च वर्जयित्वा विवाहकरणं यद्यपि सृष्टयादौ नासीत्तथापि पशुतुल्यत्वव्यावृत्यर्थं पश्चात्स नियमः स्वीकृतः । जातिवादिभि[illegible] (१५०) पूर्वकाले द्वित्र-वेदशास्त्राध्यय-नानन्तरलभ्या अपि द्विवेदित्रिवेदिशास्त्रिप[illegible]र्याद्युपाधयः पश्चाद्यथा जन्मनैवाङ्गी-कृताः प्राचीनकाले स्वाभाविक-शमदमादिगुण[illegible]भ्या अपि ब्राह्मणत्वाद्युपाधयो यथा पश्चाज्जन्मनैवाङ्गीकृता। तथा पूर्वं विद्यासन्ततिसमागतान्यपि गोत्राणि पश्चाज्जन्मनै-वाङ्गीकृतानि । यदा चैतेषां जन्मनिबन्धनत्वमङ्गीकृतं तदारभ्य तेषामुपाधिनां वेदाध्ययन-

हेतुकत्वं नष्टमासीत् । अर्थादधीतद्वित्रवेदो न द्विवेदी नापि त्रिवेदी भवतीदानीं किन्तु प्राचीन-कालद्विवेदत्रिवेदवंशपरम्परागत एव । एवं शमदमादिगुणवान्न ब्राह्मणः किन्तु शमादिगुणवत्पूर्वपुरुष परम्पराग एव । एवं गोत्रविषयेऽपि ज्ञातव्यम् ।

भवन्तोऽपि सदा तुच्छ स्वार्थलोभैकहेतुकम् । वाक्यजातं परित्यज्य गृह्णन्तु मुनिभाषितम् ।
यथा व्रीह्यादि सस्येषु प्रवृद्धानि तृणानि हि । बहिर्निष्कास्य सस्यानि वर्धयन्ति कृषीवलाः।
यथाऽऽपणात्स्ववित्तेन क्रीतेषु तण्डुलादिषु । व्यापारिमिश्रितानल्प ग्राव्णो निष्कास्य भुञ्जते।
तथा वेदादिशास्त्रेषु केषां चित्सेव्यता तथा । सेवकत्वं तथाऽन्येषां जातिबुध्या यदीरितम् ।
तत्सर्वं च परित्याज्यमैहिकामुष्मिकार्थिभिः । अन्यथाऽनर्थप्राप्तिः स्या त्स्वस्वकीय परात्मनाम्
तृणानामबहिष्कारे सस्यानां क्षीणता यथा । तद्ग्राव्णां चाबहिष्कारे मृत्युस्तण्डुलभोजिनाम्
तथा कल्पितवाक्यानामनिष्कासपुरस्सरम् । ग्रहणेमूलवाक्यानामप्यनर्थार्थशक्यता ॥१५९॥
इदं तृणमयं ग्रावेत्यत्र प्रत्यक्षतः प्रमा । तथेदं कल्पितं तन्नेत्यत्र लोभादिलिङ्गितः ।१६०॥
जन्मजातिव्यवस्था हि न मनोर्न ममापि वा । न मद्भ्रातृगणस्येष्टा जनवैषम्यकारिणी ॥
यदा वर्णस्वरूपादीन् पृष्टाः सिद्धमहर्षयः । वेदानुरूपमेवोचुः जनावैषम्यकारकम् ॥१६२॥

आप लोग भी स्वार्थ लोभी के द्वारा बनाये गये वाक्यों को छोड़कर आदिमहर्षियों के उपदेशों को सदा ग्रहण करें। जैसे फसलों में पैदा हुए घास को बाहर निकाल कर कर्षक लोग फसलों को बढ़ाते हैं और चावल आदि में व्यापारि मिश्रित कंकड़ों को निकाल कर लोग खाते हैं, वैसा ही वेद शास्त्रों में स्वार्थी पण्डितों के द्वारा मिलाये गए वाक्यों को, जिन में जन्म सिद्ध सेव्य सेवक भाव बताया जाता हो, आप भी छोड़ दें, नहीं तो अपने और अपने वालों को भी बहुत अनर्थ होगा। फसलों से घास को न हटाने पर जैसे फसल नष्ट हो जाते हैं और चावल से कंकड़ों को न हटाने पर खाने वालों का जैसा मृत्यु हो जाता है, वैसा ही उन कल्पित वाक्यों को न हटाने पर, असल वाक्यों का अनिष्ट अर्थ ही प्रतीत होगा। जैसा घास और कंकड़ प्रत्यक्ष प्रमाण से विदित हो जाते हैं वैसा ही लोभ मूलक कल्पित वाक्य भी उनके वाक्यार्थों से ही मालूम हो जायेंगे। जन्म सिद्ध जाति व्यवस्था न मनु को इष्ट थी न हमारे लिये और मरीच्यादि हमारे भाइयों को इष्ट होती है। सिद्ध महर्षियों ने चार वर्णों का स्वरूप, वेद शास्त्रों के अनुरूप ही बताये थे जिससे जनता में किसी प्रकार का वैषम्य उठने का अवकाश न हो।

शूद्रत्वं सर्वमर्त्यानां जन्मतो मनुरब्रवीत् । तद्धि संस्कारराहित्यमतः स्वतो भवेदिति ॥१६३
दुर्ज्ञेया खलु सा जन्म-सिद्धा जातिव्यवस्थितिः । अतः कोहि प्रवर्तेत स्वोयकर्मणि मानवः॥
न हि ब्राह्मणपुत्रेषु क्षात्रपुत्रविलक्षणम् । रूपं किञ्चिद्विधात्राऽपि निर्मितं गोगजादिवत् १६५

भिन्नरूपं प्रतिव्यक्ति विरिञ्चिः सृजति प्रजाः। पारस्परिकसम्बन्धवतीः शास्त्रप्रवृत्तये ॥
सर्वासां तुल्यरूपत्वे सृज्यमानेत्वियं स्वसा। मद्भार्येयमितिज्ञानं दुर्लभं स्यान्नृणां भुवि ॥
तेनर्तौ पत्न्युपेतव्या सत्कार्या तु स्वसा नृभिः। मात्रादिः पूजनीयेति विधयस्ते निरर्थकाः ॥
एवं विधिनिषेधानुष्ठानसिद्ध्यर्थमन्वहम्। प्रतिपिण्डं पृथग्रूपं सृजतोऽपि प्रजायतेः ॥१६९॥
किमशक्तिश्चतुर्भिन्नरूपसंसर्जने सकृत्। विप्रक्षत्रियविट्शूद्रचतुर्वर्णप्रभेदके ॥१७०॥
अतो याज्ञिकनिर्णीत-जन्मजातिव्यवस्थितिः! ईश्वरेच्छाविरुद्धत्वान्नादर्तव्या मनीषिभिः ॥
शपामि तानहं दुष्टान् ये त्वप्रामाणिकोमिमाम्। अनर्थकल्पनां चक्रुः ये चाङ्गी कुर्वतेऽपि ताम्
ग्रामसूकरतां प्राप्य मलमूत्राणि ते खलाः। भक्षयन्त्विति तत्पापप्रायश्चित्ताय सर्वदा ॥
कर्मैकशरणत्वादि सिद्धये शिवदूषणे। येषां नास्ति भयं तेषां किं स्यादेतत्प्रकल्पने ॥१७४

हमारे पिता मनु ने बताया था कि शूद्रत्व ही सब को जन्मसिद्ध है। क्यों वह संस्कारहीन अवस्था ही है। अतः वह जन्म से ही सिद्ध होता है। जन्म जाति तो किसी को भी जानने के योग्य नहीं है। ऐसी परिस्थिति में कौन अपने अपने वर्णोचित कार्य करने को तैयार हो सकेगा। जैसे पशुपक्ष्यादि में भिन्न भिन्न जाति को सूचित करने के लिए भिन्न भिन्न रूप भी विधाता ने निर्मित किया था वैसा ब्राह्मणादि वर्णों में भिन्न-भिन्न रूप निर्मित किया नही था। शास्त्र विहित कर्मो में प्रवृत्ति और निषिद्ध कर्मों से निवृत्ति करवाने के लिए सृष्टि कर्ता प्रति दिन, प्रति व्यक्ति में अलग अलग रूप बनाते हैं जिससे भाई बहिन और भार्या इत्यादि का ज्ञान हो सके। यदि सब में एक ही प्रकार का रूप बनाया होता तो तब भार्या बहिन इत्यादि ज्ञान किसी को भी हो नहीं सकता था। सब प्राणियों में अनन्त रूप भेद बनवाने में समर्थ परमेश्वर का क्या चार वर्णो में चार रूप भेद बनवाने में सामर्थ्य नहीं रहा? अतः वर्ण जाति प्रथा ईश्वरेच्छा का विरुद्ध होने का कारण वह बिलकुल उपेक्षणीय है। उस प्रथा को शुरू में जो कल्पित किया और जो जो उसको मानते हैं, मैं उन सब को शाप दे देता हूँ जिससे वे अगले जन्म में ग्रामों के सूर बनकर मलमूत्र खाते रहें। सबके लिए कर्मैकशरणत्व दिखाने के अभिप्राय से जो परमेश्वर को भी न मानते हैं ऐसे मीमांसकों के लिए पाखण्ड जाति प्रथादि की कल्पना में क्या भय होगा।

अस्तु कालक्रमेणैते परिणामा भवन्त्यथ। तैस्तु केषांचिदौन्नत्यं बहूनां हानिरेव च ॥१७५॥
तेन देशजनेष्वग्रे विद्वेषास्तु परस्परम्। भवेयुः सर्वसिद्धान्तनाशका भारतद्रुहः ॥१७६॥
केचिदुत्पत्तिसम्प्राप्त ब्राह्मणत्वप्रतीतितः। प्रमत्ता दैविकादानैः त्यजेयुर्वेदमातरम् ॥१७७॥
अन्ये त्वनधिकारित्वव्यपदेशेन वञ्चिताः। विहाय वेदशास्त्राणि पाखण्डमतमाप्नुयुः ॥१७८
वस्तुतः क्षत्रिया वैश्याः शूद्रा वा स्युः परन्तु ते। जन्मविप्रत्वगर्वेण न कुर्युः विग्रहादिकम्॥

विप्रोचितगुणाभावान्न तेषां विप्रकर्मसु। प्रवृत्तिः स्याद्विनाऽऽयासं मिष्टान्नेन प्रतुष्यताम् ॥
एवं ये वस्तुतो विप्रा जन्मतः क्षत्रियादयः। तेऽपि क्षात्रगुणाभावान्न शक्ताः क्षात्रकर्मसु ॥
विप्रकर्मसु नैतेषामङ्गीकृतव्यवस्थया। शमादिगुणयुक्तानामप्यास्त्विज्यं प्रदास्यते ॥१८२॥
ये केचिद्विरला विप्रपुत्रा विप्रगुणान्विताः। प्रवृत्तिर्बाधकाभावे तेषां स्याद्विप्रकर्मसु॥१८३॥
तदन्ये त्विह तिष्ठेयुरितो भ्रष्टास्ततोऽपि च। दुर्व्यापारेषु संरक्ताः क्वचिद्दुष्क्रान्तिकारिणः।
क्षत्रियादाप्तजन्मानोऽप्येवं स्युर्व्यर्थजीवनाः। एषोऽनर्थो महान् सर्व-देशेषु प्रसरिष्यति।१८५
तुच्छस्वार्थाभिलाषेण कृतान् दोषान् कलौयुगे। समारोप्य चरेयुस्ते भक्ष्यप्राप्त्यै मृगादिवत्
काले कश्चिन्न दोषोऽस्ति किन्तु क्षुद्रजनेषु सः। दोषापाये सतांशश्वत् कालः सर्वः कृतायते
यत्र वर्णाश्रमाचार-भेदाः सन्तीदृशा नृषु। तत्रैव युगभेदोऽपि देशे नान्यत्र कुत्रचित्।१८८

अस्तु कालगति के अनुसार लोक में ऐसे परिणाम होते ही रहते हैं और उनसे जनता में परस्पर द्वेष और क्रान्तियाँ, जिनसे सर्व सिद्धान्तों और सारे देश की क्षति भी निश्चित है, होती रहती हैं। जिनको जन्म से ही ब्राह्मणत्व प्रसिद्धि हो जाता है वे लोग, मुफ्त भोजन और दक्षिणा आदि पाते हुए प्रमत्त होकर वेदशास्त्रों को छोड़ देंगे और दूसरे लोग, अपने को अब्राह्मण और यज्ञादि कर्मो का अनधिकारी समझ कर शास्त्रों को छोड़ देंगे और अवैदिक मतों में प्रविष्ट भी हो जायेंगे। जो गुणतः क्षत्रिय हैं किन्तु जन्म से विप्र होने का कारण युद्धादि कर्म नहीं करेंगे और वस्तुतः ब्राह्मण न होने का कारण ब्राह्मणोचित जप तप आदि कर्मों में प्रवृत्त नहीं होंगे। कुछ भी न करने पर भी उनको मिष्टान्न जातिवादि मूर्खों के द्वारा मिलेगा ही है। इसी प्रकार जो वस्तुतः ब्राह्मण होने पर भी कल्पित जाति व्यवस्था के कारण क्षत्रियादि माने जायेंगे वे ब्राह्मण कार्यों में प्रवृत्त नहो होंगे और क्षत्रियोचित युद्धादि में ऐसे स्वभाव न रहने का कारण प्रवृत्त न होंगे। जो जन्म से और गुणों से ब्राह्मण हो वैसे थोड़े लोग वैदिक कर्मों में प्रवृत्त हो सकेंगे और अतिरिक्त सभी लोग इतो भ्रष्टास्ततो भ्रष्टा होकर दुर्व्यसनों में और दुष्क्रान्तियों में लगे रहेंगे। यही महान अनर्थ सब देशों में फैल जायगा। अपने दोषों को न समझ कर लोग "ये सब कलियुग के दोष हैं" ऐसा कहते हुए हमेशा पेट के वास्ते घूमते रहेंगे। काल में कुछ भी दोष कभी भी नहीं रहता और वह तो कुटिल लोगों में ही है। ये दोष जब जनता में नहीं रहेंगे तब वह कृतयुग ही है। जिस देश में ऐसी जातिप्रथा रहेगी वहीं कलियुग आदि युग भेद रहेगा न कि दूसरे देश में।

तत्रैव युगभेद इति (१८८) तदुक्तं ब्रह्मपुराणे "वसन्ति भारते वर्षे युगांन्यत्र महामुने। कृतं त्रेता द्वापर च कलिश्चान्यत्र न क्वचित्" (२१/२०) इति। एवं मत्स्येऽपि (१४१।१७) शास्त्रोयवर्णाश्रमवद्भिः यथावच्छास्त्रविहित कर्मानुष्ठाने सति

कृतयुगं तत्रैव किञ्चिच्छैथिल्ये सति त्रेता द्वापरं च,नानाविधजातिमतप्रभेदान् कल्पयित्वा स्वयं न कर्माण्यनुष्ठाय परानपि तदनुष्ठानाद् दूरीकृत्य वर्तने कलियुगमिति भाव ।

पञ्चमोऽध्यायः (आश्रमस्वरूपवर्णनम्)

एतावता हि वर्णानां स्वरूपं प्रतिपादितम् । श्रूयतामाश्रमाणां तदिदानीं प्रतिपाद्यते ॥१॥
यज्ञोपवीतसंस्कारात्परं पूर्वं विवाहतः । स्वीयान् पालयतो धर्मान् ब्रह्मचर्याश्रमो मतः ॥२॥
ब्रह्म वेदं तदङ्गं वा यश्चरत्यधिगच्छति । ब्रह्मणे वा चरत्यत्ति ब्रह्मचारी स कथ्यते ॥३॥
पाणिग्रहण-संस्कारात्पुरुषार्थत्रयार्थिनाम् । धर्मान् पालयतः स्वीयान् गृहस्थाख्याश्रमो मतः
भार्या भर्तुःशरीरार्धं यस्मात्तिष्ठति सा गृहे । तस्माद्भर्ता गृहस्थोऽतःप्रोच्यते शास्त्रवित्तमैः
पुरुषार्थत्रयाप्तीहां विहाय वसतो वने । स्वीयान् पालयतो धर्मान् वानप्रस्थाश्रमो मतः ॥६
प्रकर्षेण सदैवाहर्निशं वने पुराद्बहिः । यतस्तिष्ठेदतो वानप्रस्थोऽसावुच्यते बुधैः ॥७॥
सम्यङ् न्यस्य गृहं भार्यापुत्रादींश्च व्रजत्यसौ । दूरदेशे यतस्तस्मात्संन्यासीति निगद्यते ।८॥
वर्णाद्वर्णान्तरं गच्छेदाश्रमादाश्रमान्तरम् । उपर्युपर्ययं शास्त्रविधि र्नाधोऽध इष्यते ॥९॥

अभी तक चार वर्णों का स्वरूप बताया गया है। अब आश्रमों का स्वरूप सुनिये। उपनयन के बाद और विवाह के पहले स्वकीय अध्ययन नियम पालन करने वालों को ब्रह्मचर्याश्रम माना जाता है। वेद या वेदाङ्गों को पढ़ने वाला ब्रह्मचारी कहा जाता है। विवाह के बाद धर्म अर्थ और काम पुरुषार्थों की इच्छा से अपने नियमों का पालन करने वाला पुरुष गृहस्थ होता है। पत्नी पति का आधा शरीर समझी जाती है और वह आधा शरीर हमेशा गृह में (घर) रहता है। अतः वह (गृहे तिष्ठतीति) गृहस्थ कहा जाता है। पहले के तीन पुरुषार्थों की आशा न रख कर वन में या अपने गाँव से वाहर नियम पूर्वक तपस्या करने वाला पुरुष वानप्रस्थ आश्रमी होता है। अपने स्त्रीपुत्रादि को घर को और अपने देश को भी छोड़कर दूर देश में रहने वाला सन्यासी होता है। पूर्व २ निकृष्ट वर्ण को (अर्थात पूर्व सिद्ध शूद्रत्वादि को) छोड़कर उत्कृष्ट (श्रेष्ठ) वर्ण में और पूर्व २ आश्रम को छोड़कर श्रेष्ठ आश्रम में जाना चाहिये। उत्तम वर्ण और उत्तम आश्रम में जाने के बाद नीचे न आवें।

वर्णाद्वर्णान्तरमिति (९) वर्णा जन्मसिद्धजातयो न भवन्ति, किन्तु सज्जनत्वदुर्जनत्वादिवत् ऋत्विक्त्वादिवच्चोपाधय एवेति सर्वैरवश्यमनिच्छद्भिरप्यङ्गीकरणीयम् । यदा चैवं तदा दुर्जनत्वादित्यागपूर्वकसज्जनत्वसम्पादने यथा विधयः संभवन्ति तथा पूर्वपूर्वनिकृष्टवर्णत्यागेनोत्तमोत्तमवर्णसम्पादनेऽपि विधि संभवत्येव । अतः उक्तं वर्णाद्वर्णान्तरमिति । आश्रमपरिवर्तनवत् स्वाभाविकगुणप्रयुक्तवर्णस्य परिवर्तनं कस्यचित्पुरुषस्य यदि कृति साध्यं न भवति तदा स एकस्मिन् वर्णे एव स्थातुमर्हति । स्वभावो दुरतिक्रम इति न्यायेन स्वाभाविकगुणत्यागस्या साध्यत्वेन तत्प्रयुक्तवर्णलाभस्याप्यसाध्यत्वात् ।

स्त्रीणां सन्त्याश्रमाः सर्वे ब्रह्मचर्यगृहादयः पुरुषार्थनिमित्तत्वादिति वेदविदां मतम् ।।१०।।
वस्त्रधारणमेवोपवीतं भवति योषिताम् । पुंसामपि तदेवोपवीतं मुख्यमिति श्रुतिः ।।११।।
नास्ति स्त्रीणां पृथग्वर्णो ब्राह्मणत्वादिकस्त्विह । पत्युर्वर्णेन युज्यन्ते तद्गोत्रेणेव योषितः ।
न हि स्त्रीणां पृथग्यज्ञो वर्णनिर्देशपूर्वकः । विहितोऽस्ति श्रुतौ येन वर्णाः स्युरपि योषिताम् ।
तासां यद्यपि वृत्त्यर्थकर्माण्यात्मगुणैः सह । सन्ति वर्णनिमित्तानि पुरुषाणामिव स्वतः ।१४
तथापि योषितां श्रौतवर्ण-कृत्याद्यभावतः । तदर्था शास्त्रज्ञो वर्णप्रसिद्धि र्नैव विद्यते ।१५।
भारताद्भिन्नदेशेषु भिन्नधर्मावलम्बिनाम् । यथाऽऽत्मगुणवृत्त्यर्थकर्मसत्त्वे प्यवर्णिता ।।१६।।
यतस्तन्मतग्रन्थेषु वर्णनिर्देशपूर्वकम् । कर्माण्यविहिताग्न्येवं भारते योषितामपि ।।१७।।

स्त्रियों को भी चार आश्रम हैं। क्यों ? आश्रम तो पुरुषार्थ साधन होते हैं और स्त्रियों को भी पुरुषार्थाभिलाषा रहती है। स्त्रियों के लिये अपना वस्त्र धारण ही यज्ञोपवीत समझा जाता है। पुरुषों को भी वही वस्त्र धारण (दक्षिण भुज के नीचे बाम भुज के ऊपर तक जन्ने की तरह पहनना) मुख्य यज्ञोपवीत होता है। स्त्रियों में ब्राह्मणत्वादि चार वर्ण नहीं रहते हैं। पति का वर्ण ही गोत्र को तरह, पत्नी का वर्ण माना जाता है। क्यों ? जैसे ब्राह्मणादि वर्णों के उद्देश्य से वेदों में यागादि विहित हैं वैसा ब्राह्मणी आदि के उद्देश्य से शास्त्रों में कुछ भी कर्म विहित नहीं है। अतः शास्त्रीय वर्ण उनमें नहीं हैं। यद्यपि स्त्रियों में भी वर्ण निमित्त शमादि गुण और तदनुरूप कर्मानुष्ठान भी देखे जाते हैं, तो भी श्रौत कर्म उनके लिए अलग विहित नहीं हैं। अतः तदर्थ श्रौतवर्ण भी स्त्रियों में माने नहीं जाते हैं। वर्ण प्रयोजक शमदमादि गुण वाले और तदनुरूप अध्यापन युद्धादि कर्म करने वाले यवनादि पुरुष, भिन्न राष्ट्रों में भी हैं तो भी उनमें ब्राह्मणादि वर्ण भेद नहीं, क्यों ? उनके मतग्रन्थों में ऐसे वर्ण निर्देश पूर्वक कर्म नहीं हैं। भारतीय ग्रन्थों में ऐसा निर्देश है। अतः भारतीय पुरुषों में वर्णभेद है न कि स्त्रियों में। वह भी भेद तत्कर्मानुष्ठान प्रसङ्ग में ही है न कि हमेशा।

स्त्रीणां सन्त्याश्रमाः (१०) इति। पुरुषार्थाः चत्वारः। तत्राद्यत्रये गृहस्थाश्रम उपयुज्यते। मोक्षपुरुषार्थे च चत्वारोऽप्युपयुज्यन्ते। श्रेयप्राप्तिनिमित्तत्वेन सर्वेष्वाश्रमेषु स्त्रीणां पुंसां चाधिकारः। वस्त्रधारणमिति (११) तैत्तिरीयारण्यके उक्तम् "तस्माद्यज्ञोपवीत्येवाधीयीत याजयेद्यजेत वा यज्ञस्य प्रसृत्यै" (२।१) इति। प्रसृतिः प्रकृष्टगुणयुक्तत्वम्। कीदृशं तदुपवीतमिति जिज्ञासायां तत्रैव तदुपवीतसाधनं द्रव्यं विधीयते। "अजिनं वासो वा दक्षिणत उपवीय" इति। "कृष्णाजिनवस्त्रयोरन्यतरद् द्रव्यं दक्षिणभागे लम्बमानं कृत्वाऽधीयीतेत्यर्थ" इति तदीयं सायणभाष्यम्। तादृशं चोपवीतं

स्त्रीणां वस्त्रधारणे एव सिध्यति। पुंसामपि तदृशं वस्त्रधारणमेव मुख्यमुपवीतमिति शिष्टैरिष्यतेऽपि। अतस्तादृशोपवीतेन स्त्रियोऽप्यध्येतुमर्हन्तीति स्मृत्यभिप्रायः। नास्ति स्त्रीणां पृथग्वर्ण इति (१२) मैत्रायणीयसंहितायामुक्तम् "चत्वारो वै पुरुषा ब्राह्मणो राजन्यो वैश्यः शूद्रस्तेषामेवैनमुद्भेदयति" (४।४।६) इति। एवं "त्रींस्तृचाऽननुब्रूयाद्राजन्यस्य, त्रयो वाऽन्ये राजन्यात्पुरुषा ब्राह्मणो वैश्यः शूद्रः, तानेवास्मा अनुकान् करोति" (तै० सं० २।५।१०) इति। एतेनेदं ज्ञायते यद्वर्णाः पुरुषेष्वेव न तु स्त्रीष्विति। पुंयोगादेव गोत्रवत्स्त्रीषु वर्णा उपचर्यन्ते तदेवात्रापि स्मृतावुक्तम्। लोकाचारेऽपि ब्राह्मणभोजनादिप्रसक्तौ पुरुषा एव निमन्त्र्यन्ते न तु स्त्रियः। ते च वर्णा यज्ञानुष्ठान समये व्यवहर्तव्या न ततो बहिः। मनोविनोदार्थनाटकादिप्रदर्शन समये पुरुषाः स्वकीययोग्यतानुसारेण दुष्यन्तशकुन्तलादि-पात्राणि धारयन्तो यथा तत्रैव तत्तन्नामभिर्व्यवह्रियन्ते न तु बहिः तथा स्वर्गादिसुखार्थयागप्रयोगेऽपि तदनुष्ठातृवर्णस्य तन्नाम्ना व्यवहारो न तु बहिः। यथा लोके ग्रामादौ रिविन्यू इन्सफिक्टर आवश्यकश्चेत्तत्परीक्षायामुत्तीर्णः तत्स्थाने नियुज्यते, तन्नियोगानन्तरमेव च तस्य तन्नामापि, न तु ततः पूर्वं तथा ब्राह्मणादिकर्तृकयागानुष्ठानप्रसक्तौ को वा ब्राह्मणादित्वेन ग्राह्य इति जिज्ञासायां यो वेदमधीत्य सहज-शमदमादिगुणपूर्वकं तमध्यापयति सएव ब्राह्मणत्वेन ग्राह्यः। यागे एव तस्य ब्राह्मणशब्दव्यपदेशभाक्त्वं न त्वन्यत्रेति। एतादृशी एव वैदिको वर्णस्थितिः।

चतुराश्रमिणां वासस्थानं भिन्नं विधीयते। अन्यथाऽऽश्रमकृत्यानि भवेयुर्विगुणानि हि १८॥
सर्वेषामेकमावासस्थानं स्याद्ब्रह्मचारिणाम्। वानप्रस्थयतीनां च स्थानमेकमपीष्यते ।१९।
गृहस्थानां पृथग्वासः प्रतिद्वन्द्वं भवेद्धितम्। भोजनादौ तु सर्वेषां सहभावोऽपि युज्यते ।२०।

चार आश्रम वालों का निवास स्थान अलग-अलग रहना चाहिये नहीं तो उनके कार्य ठीक नहीं चलंगे। सभी ब्रह्मचारी एक स्थान पर, एवं सभी वानप्रस्थ और संन्यासी सब एकैक स्थान पर मिल कर रह सकते हैं। प्रति गृहस्थ को एकैक स्थान चाहिये। भोजनादि में सब आश्रमियों को एक स्थान भी हो सकता है।

अथ षष्ठोऽध्यायः (ब्रह्मचर्याश्रमधर्माः)

वर्णाश्रमस्वरूपं यत्पृष्टोऽहं तदुपादिशम्। तद्धर्मानपि शृण्वन्तु मुनयः क्रमशोऽधुना ॥१॥
वटुधर्मान् प्रवक्ष्यामि पुराऽस्मद्गुरुणोदितान्। आचारानपि विद्योपयोगिनो गुरुवेश्मनि ।२।
पंचवर्षोत्तरं बालबालिका गुरुवेश्मनि। गच्छेयुः बालकाः पुम्भिः स्त्रीभिश्चाधिष्ठितेऽपराः
कृतोपनयनास्तत्र कुर्युर्गुर्वनुशासितम्। यज्ञोपवीतमेकैकं धारयेयुर्निरन्तरम् ॥४॥
तद्धि कार्पासनिर्भिन्ननवतन्तुविनिर्मितम्। त्रिसूत्रमेकग्रन्थि स्याद्वासो विन्यासमेव वा ।५।
उपवीतात्परं पुंसां दिव्यो देहः प्रजायते। पितरावस्य चाचार्यसावित्र्यौ संभविष्यतः ॥६॥

ततः पूर्वतनो देहो यो मातापितृदेहजः। केवलं स मनुष्यत्व-द्योतनाय प्रकल्पते ॥७॥
देहोऽयमन्नपानादि - सारतः परिरक्ष्यते। आचार्यस्योपदेशेन द्वितीयः परिरक्ष्यते ॥८॥
शरीरं कामजं तत्तज्जातिव्यञ्जकतामियात्। मन्त्रजंतु द्विजत्वादेव्यञ्जकं भवति द्विजाः ॥
निद्रातः प्रातरुत्थाय गत्वा दूरं निजाश्रमात्। मलमूत्रे समुत्सृज्य गुदहस्तौ पदद्वयम् ।१०।
प्रक्षाल्य वारिणा पूर्वं त्रिवारं क्षालयेन्मृदा। गण्डूषपञ्चकं कृत्वा विदध्याद्दन्तधावनम् ११
स्नात्वा नद्यां तु कूपे वा ललाटे भस्म धारयेत्। शुक्लवस्त्रद्वयं धृत्वा त्रिराचामेदपः शिखी

वर्ण और आश्रम का स्वरूप बताया गया। उनके धर्मों को अब सुनिये। पाँच वर्ष उम्र के बाद लड़के और लड़कियाँ गुरुकुलों में जाना चाहिये। वे गुरुकुल, पुरुषों के अलग स्त्रियों के अलग होना चाहिये। गुरुकुलों में बालक और बालिकायें गुरुजनों की आज्ञा को ठीक पालन करना चाहिये। उपनयन संस्कार के बाद मनुष्यों को दिव्य देह उत्पन्न हो जाता है। उस दिव्य देह के पिता और माता यथाक्रम आचार्य और सावित्री होती है। इससे पहले का शरीर जो माता पितृशरीरों से उत्पन्न है वह केवल मनुष्यत्व जाति का व्यञ्जक होता है। यह तो अन्नपानादि से रक्षित और दूसरा दिव्य देह आचार्य के उपदिष्ट मन्त्र की आवृत्ति से रक्षित होता है।

